उज्जैन
सोमवार
14
सितम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-311
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651



# दैनिक ब्रह्मास्त्र



हरतालिका तीज एवं गणेश चतुर्थी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं



## नीलम ने गोविंदा संग रिश्ते की अफवाहों पर रिएक्शन दिया

### बोलीं- उस समय मैं बहुत छोटी थी, उनकी शादी की जानकारी बाद में मिली

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई**

एक्ट्रेस नीलम कोठारी ने हाल ही में गोविंदा के साथ अपने रिश्ते की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जब दोनों के रिश्ते को लेकर चचाएँ थीं, तब वह बहुत छोटी थीं और उन्हें गोविंदा की शादी की जानकारी नहीं थी। नीलम ने यह बात टाइम्स नाउ के इंटरव्यू में कही। गौरतलब है कि नीलम कोठारी और गोविंदा ने 1980 के दशक और 1990 के शुरूआती वर्षों में कई फिल्मों में साथ काम किया था। इसके बाद दोनों के रिश्ते को लेकर अफवाहें वर्षों तक चलती रहीं। इंटरव्यू में नीलम से कहा गया कि गोविंदा ऑफ-स्क्रीन उनसे प्यार करते थे। इस पर नीलम ने कहा, मुझे नहीं पता। सबसे पहले तो मैं उस समय बहुत छोटी थी। अब मुझे पता चला है कि शायद उस वक्त उनकी शादी हो चुकी थी। वहीं, नीलम के पास बैठे पति समीर सोनी ने गोविंदा को लेकर कहा, वह बहुत अच्छे इंसान हैं। जब भी मैं उनसे मिला हूं, वह बहुत गर्मजोशी से मिले हैं। समीर ने यह भी कहा, जो बात 20 साल पहले हुई भी हो सकती है और नहीं भी, उसके बारे में मुझे पता ही नहीं, तो मैं उसे लेकर कैसे बैठ सकता हूं? वह अब भी दावा करते हैं कि वह तुमसे बहुत प्यार करते थे।

## देश

- जमीन मालिक की मंजूरी के बिना भी बिछाई जा सकेगी बिजली ट्रांसमिशन लाइन, मुआवजे का अधिकार रहेगा
- ब्रिक्स सम्मेलन का हुआ समापन, पीएम मोदी ने की घोषणा, बोले- दुनिया वादे नहीं रिजल्ट चाहती है
- बेंगलुरु में मेडिकल मालिक ने 90 अस्पतालों में कैंसर की फर्जी दवाएं भेजीं, गिरफ्तार
- गुजरात के भावनगर में नकली शराब बनाने की यूनिट का भंडाफोड़, रेलवे कर्मचारी समेत 3 गिरफ्तार
- श्रीलंका के रमेश पथिरागे ने 91.09 मीटर भाला फेंका, वर्ल्ड एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप में जीता गोल्ड, अर्शद नदीम पांचवें स्थान पर
- देश के अलग-अलग राज्यों में पैरामेडिकल, आयुष इंटर्न्स की हड़ताल: कहीं बिना सैलरी के काम, कहीं 13 साल से वही स्टाइपेंड

## विदेश

- बांग्लादेश बोला- भारत से नए सिरे से रिश्ते बनाएंगे, विदेश राज्य मंत्री ने कहा- दोनों देशों में सीधी बातचीत जरूरी, हसीना के दौर के संबंध असहज थे
- ब्रिटेन से अलग हो सकते हैं स्कॉटलैंड-वेल्स और नॉर्दर्न आयरलैंड, कल नेताओं की मीटिंग, आजादी के फैसले पर जनमत संग्रह संभव
- ओमान के पास जहाज पर हमला, 14 भारतीय सवार थे, 13 का रेस्क्यू हुआ, एक लापता, भारत ने हमले की निंदा की

## व्यापार

- एसबीआई का दावा- लोन और ईएमआई फिर महंगे होंगे, आरबीआई रेपो रेट 0.50% तक बढ़ा सकता है, क्रूड ऑयल 100 डॉलर पार होने से महंगाई बढ़ेगी
- अटल पेंशन योजना से 210 में हर महीने 5000 रुपये मिलेंगे, ये स्कीम आपके रिटायरमेंट को देगी वित्तीय सुरक्षा

## कार्टून..




# आज हरितालिका तीज और गणेश चतुर्थी पर शहर में बाजार रहे गुलजार





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

आज सुबह से पर्वों की रौनक व चहल-पहल बाजार में नजर आई। सुबह से ही महिलाएं व पुरूष हरितालिका तीज व गणेश चतुर्थी की खरीदारी करते नजर आए। महिलाएं पूजन सामग्री व पत्ते, आंधा झारी, पुष्प मालाएं व धतूरे के फल, बेलफल आदि खरीदते हुए देखी गईं तो गणेशजी के लिए लोग कमल के फूल, हार-माला, पान पत्ते, नारियल, आम के पत्ते, केले आदि खरीदते दिखे।

### गणेश मूर्तियों की ढेर दुकान होने से भीड़ बंटी

इस वर्ष गणेश मूर्तियों की ढेर सारी दुकानें शहर मे नजर आईं। इस वर्ष हर कालोनी व चौराहे पर मूर्तियों की दुकाने लगने से मुख्य बाजार जैसे फ्रीगंज, फव्वाराचौक, निकास चौराहा की दुकानों पर अधिक भीड़ नहीं रही। दुकानदारों में परस्प स्पर्धा होने से मूर्ति खरीदने वाले लोगों को लाभ हुआ। बाजार मे मूर्तियों की मांग कम और आपूर्ति अधिक होने का पूरा फायदा उपभोक्ताओं को मिला। गणेश की मूर्तियों के बाजार मे जमकर सौदेबाजी हुई। बहुत सी दुकानों पर खरीददार मोल भाव करते नजर आए। शहर मे नानखेडा चौराहा, वेदनगर, सिंधी कालोनी चौराहा, टावर चौक, अलखधाम सिंधी धर्मशाला व ऋषिनगर में मूर्तियों की ढेरों दुकानें लगी हुई हैं।

# गणेश मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

बाबा महाकाल की पावन धरा पर शिवपुत्र गणेशजी के जन्मोत्सव पर गौरीपुत्र के मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। सभी बप्पा के स्वागत के लिए पलक पांवडे बिछाकर तैयारियों मे जुटे थे। गणेश चतुर्थी के पूर्व ही सभी गणपति मंदिरों की रंगाई, पुताई और विद्युत सज्जा की गई। कुछ मंदिरों मे आकर्षक द्वार व बंदनवार बांधी गई। फ्रीगंज मे आटो स्टेण्ड स्थित गणेश मंदिर को बहुत ही आकर्षक रूप में सजाया गया। मंदिर के आसपास पौधे व गमले रखकर प्राकृतिक दृश्यांकन किया गया। गणेशजी का नयनाभिराम श्रृंगार सभी के आकर्षण का केन्द्र रहा। श्रद्धालु सुबह से ही बप्पा के दर्शन करते नजर आए। इस अवसर पर मोदक का नेवैद्य अर्पित कर वितरित किया गया।



# नगालैंड में जहरीली शराब से 9 की मौत

## छापेमारी में 470 बोतलें और बीयर कैन जब्त, राज्य में शराब पर है बैन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोहिमा**

नगालैंड के तुएनसांग जिले में पिछले तीन दिनों में जहरीली शराब पीने से नौ लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक ही परिवार के तीन सदस्य भी शामिल हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शराब पीने के बाद कुछ लोगों को सांस लेने में तकलीफ हुई और बाद में उनकी मौत हो गई। घटनाओं की जानकारी मिलने के बाद तुएनसांग पुलिस ने शहर और चेंदांग सैडल इलाके में व्यापक तलाशी और छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान कई जगहों से शराब के पाउच, करीब 470 बोतल आईएमएफएल (इंडियन मेड फॉरेन लिकर) और बीयर के कैन जब्त किए गए।

**शराब बेचने वाले परिवार के एक सदस्य ने फांसी लगाई-** पुलिस के मुताबिक, तुएनसांग शहर और चेंदांग सैडल गांव में 10 और 11 सितंबर को मौतों की घटनाएं सामने आईं। शनिवार को तुएनसांग सिविल अस्पताल में भर्ती लोगों की मौत का पैटर्न सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।



बयान में कहा गया है कि शुरूआती जांच के आधार पर सभी मौतों का शराब पीने से सीधा संबंध है और उसी के अनुसार जांच की जा रही है। वहीं, इस घटना के बाद शराब बेचने वाले परिवार के एक सदस्य ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसकी मौत के कारणों की अलग से जांच की जा रही है।

### सभी की तबीयत बिगड़ी

जांच में सामने आया कि मृतकों में से ज्यादातर ने तबीयत बिगड़ने से पहले शराब पी थी। इसके बाद उन्हें धुंधला दिखाई देना, तेज सिरदर्द, चक्कर, जी मिचलाना और उल्टी जैसी समस्याएं हुईं। परिवार वालों ने इन्हें अस्पताल में एडमिट करवाया, जहां इलाज के दौरान ये मौतें हुईं।

# नीट में जल्द खत्म होगी पेन पेपर परीक्षा

## कंप्यूटर पर होगा देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यानी नीट को लेकर बड़ा बदलाव सामने आया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने संकेत दिया है कि नीट को बहुत जल्द कंप्यूटर आधारित परीक्षा यानी कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट के रूप में आयोजित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर आधारित परीक्षा ही भविष्य है और नीट को भी इस व्यवस्था में लाने की दिशा में काम चल रहा है। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह बदलाव किस वर्ष की नीट परीक्षा से लागू होगा।

अभिषेक सिंह के मुताबिक, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की लगभग सभी प्रमुख परीक्षाएं पहले से कंप्यूटर आधारित हो चुकी हैं और नीट ही प्रमुख अपवाद है। अब इसे भी कंप्यूटर आधारित व्यवस्था में लाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए परीक्षा केंद्रों की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में शामिल है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक ने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा कि नीट को बहुत जल्द कंप्यूटर आधारित माध्यम में ले जाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय कार्यबल इस दिशा में काम कर रही है।



### बुनियादी ढांचा मजबूत करना होगा

उन्होंने कहा कि कंप्यूटर आधारित परीक्षा लागू करने के लिए केवल प्रश्नपत्र को डिजिटल स्क्रीन पर उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं होगा। इसके लिए देशभर में परीक्षा से जुड़ा बुनियादी ढांचा मजबूत करना होगा और ऐसी सुरक्षा व्यवस्था तैयार करनी होगी, जिससे परीक्षा की विश्वसनीयता और पारदर्शिता कायम रहे। नीट देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रवेश परीक्षाओं में शामिल है। इसके माध्यम से बड़ी संख्या में विद्यार्थी मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। इसलिए परीक्षा के माध्यम में होने वाला बदलाव करोड़ों विद्यार्थियों और उनके परिवारों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# यूपी के 6 डैम ओवरफ्लो, 26 जिलों में बाढ़

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

यूपी में मानसूनी बारिश से नदियां उफान पर हैं। 26 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। 4 लाख की आबादी प्रभावित है। चंदौली में 6 डैम ओवरफ्लो हो चुके हैं।



बिहार के कई जिलों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। 14 जिलों के 2,360 गांवों में 44 लाख की आबादी बाढ़ के पानी से घिरी हुई है। इसी वजह से खगड़िया में बाढ़ पीड़ितों के इलाज के लिए फ्लोटिंग अस्पताल का सहारा लिया जा रहा है। बोट पर उपचार के साधनों के साथ डॉक्टर मरीजों तक पहुंच रहे हैं। मुंबई और वसई-विरार में तेज बारिश हो रही है। लगातार बारिश के कारण सायन के प्रतीक्षा नगर इलाके और छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास पानी भर गया है।

# महाराष्ट्र के ठाणे में 34.18 करोड़ की हेरोइन जब्त

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 34.18 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामदगी के मामले में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के सरगना अमजद यूसुफ पठान और उसके चार साथियों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) की धाराएं लगाई हैं। यह जानकारी रविवार को एक अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि तीन राज्यों में 20 गंभीर आपराधिक मामलों में शामिल पठान और उसके साथियों को पुलिस के वरिष्ठ



अधिकारियों की ओर से मकोका की धाराएं लगाने की मंजूरी मिलने के बाद आठ सितंबर को ठाणे केंद्रीय कारागार से औपचारिक रूप से हिरासत में लिया गया। पुलिस उपायुक्त अतुल जेंडे ने बताया कि यह कार्रवाई स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) के तहत दर्ज एक पुराने मामले के आधार पर की गई है। करीब 9.8 किलोग्राम हेरोइन बरामद किए जाने के बाद कल्याण के महात्मा फुले चौक थाने में यह मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने शुरूआती कार्रवाई के दौरान गिरोह के सरगना पठान के साथ उसके सहयोगियों कासम अब्दुल सत्तार वसाइकर, कृष्णा नागप्पा हलेमानी, गणेशन पुथुस्वामी उर्फ बुडुस्वामी जंगमार और सद्दाम गफूर शेख को गिरफ्तार किया था।

# ममता बनर्जी बंगाल में उपचुनाव नहीं लड़ेंगी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नंदीग्राम**

पश्चिम बंगाल की पूर्व सीएम ममता बनर्जी विधानसभा उपचुनाव नहीं लड़ेंगी। नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीटों पर 6 अक्टूबर को उपचुनाव होगा। नंदीग्राम से संचिता प्रधान (डे) और रेजीनगर से रबीउल आलम चौधरी को उम्मीदवार घोषित किया गया है।

नंदीग्राम सीट पर उपचुनाव मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के इसे खाली करने के बाद हो रहे हैं। रेजीनगर सीट आम जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर के इस्तीफे के बाद खाली हुई। ममता बनर्जी पहली बार विधायक 2011 में बनी थीं। उन्होंने पश्चिम बंगाल की भवानीपुर विधानसभा सीट से उपचुनाव जीतकर विधानसभा में प्रवेश किया था। इससे पहले वह लोकसभा सांसद थीं। यानी कि पिछले 15 सालों में यह पहला मौका है जब ममता विधानसभा से बाहर हैं।

नंदीग्राम लंबे समय से टीएमसी और भाजपा के बीच राजनीतिक संघर्ष का प्रमुख केंद्र रहा है। इस क्षेत्र में 2007 के भूमि अधिग्रहण विरोधी आंदोलन ने ममता बनर्जी और टीएमसी को 2011 में सत्ता तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। 2021 में ममता ने यहीं से बंगाल के मौजूदा सीएम शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ चुनाव लड़ा, लेकिन हार गईं। अधिकारी बीजेपी में शामिल होने के बाद टीएमसी के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी बन चुके हैं।

## मायावती ने बीएसपी से भतीजों को किया साइडलाइन

# अब भतीजी दीपिका पर भरोसा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ**

बसपा सुप्रीमो मायावती ने परिवारवाद पर बड़ा फैसला लेते हुए कहा कि आनंद कुमार के बेटों आकाश और ईशान आनंद को पार्टी में कोई राजनीतिक जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। भविष्य में उनके बच्चों को भी पद नहीं मिलेगा। जरूरत पड़ने पर आनंद कुमार की बेटी दीपिका को जिम्मेदारी दी जा सकती है।

बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी में परिवारवाद को लेकर बड़ा ऐलान किया है। मायावती ने साफ किया है कि उनके भाई आनंद कुमार के दोनों बेटों आकाश आनंद और ईशान आनंद को पार्टी में अब कोई छोटा-बड़ा राजनीतिक पद नहीं दिया जाएगा। इतना ही नहीं, उन्होंने कहा कि भविष्य में भी आनंद कुमार के बेटों के बच्चों को पार्टी की राजनीतिक जिम्मेदारी सौंपने का सवाल नहीं उठेगा। मायावती ने कहा कि अगर भविष्य में आनंद कुमार को उनकी मदद के लिए परिवार के किसी सदस्य की जरूरत पड़ती है तो वह अपनी इकलौती बेटी दीपिका आनंद की मदद ले सकते हैं। दीपिका फिलहाल वकालत की पढ़ाई कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आगे चलकर उनकी ईमानदारी, वफादारी और कार्यक्षमता को देखते हुए पार्टी में उन्हें जरूरत के मुताबिक जिम्मेदारी दी जा सकती है।



### मायावती ने एक शर्त भी रखी

बसपा प्रमुख ने कहा कि यदि दीपिका इसके लिए तैयार नहीं होती हैं तो आनंद कुमार पार्टी की आम सहमति से दलित वर्ग के किसी मिशनरी कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं। हालांकि उनके बेटों या भविष्य में उनके बच्चों को यह जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। मायावती ने इसे पार्टी और मौजूदा समय की जरूरत बताया।

### परिवारवाद को बढ़ावा नहीं

मायावती ने कहा कि वो बसपा संस्थापक कांशीराम के परिवारवाद के खिलाफ रुख से पूरी तरह सहमत हैं और उसी रास्ते पर कायम हैं। उन्होंने कहा कि कांशीराम की शिष्या होने के नाते उन्होंने भी पार्टी में परिवारवाद को बढ़ावा नहीं देने का फैसला किया है। मायावती के मुताबिक, महिला होने के कारण सुरक्षा और सम्मान से जुड़ी परिस्थितियों के चलते उन्हें अपने छोटे भाई आनंद कुमार को अपने साथ रखना पड़ा।



## खबर एक नजर...

### राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट ने खड़े हनुमान मंदिर में की संध्या आरती, खुशहाली की कामना

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध खड़े हनुमान मंदिर में राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के तत्वावधान में संध्या आरती का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष देवेंद्र प्रजापति के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने बाबा की सामूहिक आरती कर शहर और देश में खुशहाली की कामना की। जिला अध्यक्ष प्रजापति ने बताया कि आस्था के प्रमुख केंद्र खड़े हनुमान मंदिर में सभी साथियों ने एकत्रित होकर पूजन अर्चन किया। आरती में संयोजक रवि वर्मा, संगठन प्रमुख विजय सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष रूप सिंह जाट, संगठन अध्यक्ष मुकेश रघुवंशी, कोषाध्यक्ष नितिन सिंह यादव, सूचना प्रमुख भोलाराम प्रजापत, सलाहकार प्रमुख रूपलाल मदावत, महासचिव एवं सूचना प्रमुख लीना बारोट, विपिन खत्री, व्यवस्था प्रबंधन प्रमुख लक्ष्मण राय गायकवाड़ और सहसंयोजक देवेंद्र श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### सवारी मार्ग की बैठक में अनदेखी, महापौर पर लगाया दलगत राजनीति का आरोप

**उज्जैन।** सवारी मार्ग में एकरूपता लाने के लिए महापौर द्वारा बुलाई गई बैठक में वार्ड 21 के पार्षद की अनदेखी से विवाद खड़ा हो गया है। पार्षद अर्पित दुबे ने महापौर पर दलगत भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्हें शहर के विकास के लिए राजनीति से ऊपर उठकर काम करना चाहिए। पार्षद दुबे ने बताया कि महापौर ने सवारी मार्ग के व्यापारियों और कुछ चुनिंदा जनप्रतिनिधियों को बैठक में बुलाया। जबकि ढाबा रोड, मावा बाजार, गोपाल मंदिर और पटनी बाजार जैसे प्रमुख सवारी मार्ग वार्ड 21 के अंतर्गत ही आते हैं। सवारी संपूर्ण वार्ड में भ्रमण करती है, जो आमजन का सौभाग्य है। ऐसे में क्षेत्र के पार्षद को ही बैठक में आमंत्रित न करना स्पष्ट रूप से राजनीतिक दुर्भावना को दशार्ता है। पार्षद का कहना है कि उनकी मंशा भी शहर के सर्वांगीण विकास की ही है, लेकिन चुने हुए जनप्रतिनिधियों को विश्वास में न लेना अनुचित है।

### उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज में 15 को मनेगा 59वां अभियंता दिवस

**उज्जैन।** आधुनिक भारत के महान अभियंता, वैज्ञानिक एवं राष्ट्रनिमार्ता भारतरत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर 15 सितंबर को 59वां अभियंता दिवस मनाया जाएगा। उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व छात्रों के तत्वावधान में यह कार्यक्रम कॉलेज परिसर में सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक एवं एल्युमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल भूतड़ा ने बताया कि इस अवसर पर डॉ. विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया जाएगा। साथ ही अभियंता दिवस के महत्व और राष्ट्र निर्माण में अभियंताओं की भूमिका पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य, समस्त स्टाफ, पूर्व और वर्तमान छात्र-छात्राएं मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर पूर्व छात्र हेमराज राठौर, आदित्य नारायण व्यास, शोभा खन्ना, एम.एम. सिंघल, पी.एल. टटवाल, मिलिंद इंगोले, अतुल जैन, कैलाश पाटीदार, सत्येंद्र जैन एवं दिनेश दाहिमा सहित अन्य अभियंताओं ने नगर के सभी अभियंताओं और इंजीनियरिंग जगत से जुड़े साथियों से समारोह में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### क्षेत्रीय परिधानों में विद्यार्थियों ने पेश की विविधता में एकता की झलक

**उज्जैन।** निर्मला महाविद्यालय एवं निर्मला शिक्षा महाविद्यालय में मातृभाषा क्लब के तत्वावधान में क्षेत्रीय परिधान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने देश के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक परिधानों को प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति और 'विविधता में एकता' का जीवंत प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणामों में निर्मला महाविद्यालय से गुजराती परिधान प्रस्तुत कर पूनम शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दक्षिण भारतीय परिधान में तनिष्का कुमावत द्वितीय और पंजाबी परिधान में यामिनी प्रजापत तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं, निर्मला शिक्षा महाविद्यालय से अदिति गुप्ता ने मालवी परिधान में शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. कीर्ति डिड्डी ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत और विविध परंपराओं से अवगत कराया।

### देवास से उज्जैन आई 22 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा

**उज्जैन।** नानाखेड़ा क्षेत्र में भगवान श्री गणेश की 22 फीट ऊंची विशाल प्रतिमा की भव्य अगवानी की गई। विनायक मित्र मंडल द्वारा कॉसमॉस मॉल के सामने आयोजित इस स्वागत समारोह में फायर शो, साउंड शो और महाआरती का आयोजन किया गया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के बीच सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक बप्पा का स्वागत किया। आयोजक चिराग शर्मा और अमन मराठा ने बताया कि मंडल पिछले 10 वर्षों से गणेशोत्सव का निरंतर आयोजन कर रहा है।

# अखण्ड सौभाग्य की कामना से सौभाग्येश्वर महादेव की आराधना

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

हरितालिका तीज का व्रत ,महाकाल की नगरी मे महिलाएं धूमधाम व धार्मिक विधि-विधान से मनाती हैं। उत्तम वर की अभिलाषा मे कुवांरी कन्याएं इस व्रत को करती हैं तो विवाहित स्त्रियां अखंड सौभाग्य व सुख की कामना से पूरे दिन निर्जल उपवास कर भजन कीर्तन व शिव का पूजन करती हैं। पौराणिक मान्यतानुसार भगवती पार्वती ने शिव को वर रूप मे पाने के लिए घोर तपस्या की थी और उन्हे भोलेनाथ मिले थे।



शहर के पटनीबाजार स्थित सौभाग्येश्वर महादेव मंदिर का विशेष महत्व है। हरितालिका तीज पर इस मंदिर मे महिलाओं का तांता लगा रहता है। ये मंदिर अतिप्राचीन है और प्रसिद्ध 84 महादेव मे 61 वे क्रम मे आता है। मंदिर की पुजारी अंजना प्रवीण पण्डया ने बताया कि मंदिर की प्राचीनता का अनुमान इसके बलुआ पत्थर से निर्मित होने से लगाया जा सकता है। शिवलिंग स्वयंभू है और ये पुराने महाकाल वन के क्षेत्र मे स्थित रहा है। मंदिर मे विशेष तैयारियां की गई हैं। पहुंच मार्ग मे बिजली और रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था इस वर्ष की है ताकि महिलाओं को परेशानी न आए। मंदिर के पट रविवार रात 12 बजे से सोमवार की रात 12 बजे तक खुले रहेंगे। सौभाग्येश्वर महादेव का अभिषेक पूजन होता है महिलाएं चढावा चढाती हैं और कथा का श्रवण करती हैं। सोमवार की रात्रि 12 बजे महाआरती के बाद मंदिर के पट बंद हो जाएंगे।


### इंद्राणी ने पूजा की व इंद्र को वररूप मे पाया

पौराणिक ग्रंथ स्कंदपुराण के अवंतिखण्ड मे सौभाग्येश्वर महादेव का वर्णन है। कथानुसार राजा अश्वाहन की पत्नी थीं मदनमंजरी जो बहुत धर्मनिष्ठ थीं किन्तु राजा उन्हे नही चाहते थे। राजा जब भी रानी को स्पर्श करते वे मूर्च्छित हो जाते अतः राजा उन्हे जंगल मे छोड आए। वन मे रानी मदनमंजरी परेशान हो गई और उन्हे एक मुनि दिखे। रानी ने अपनी कठिनाई मुनि को सुनाई तो मुनि ने परामर्श दिया कि महाकाल वन मे स्थित सौभाग्येश्वर महादेव की पूजा करो तो पति तुम्हे पुनः मिल जाएंगे। सौभाग्येश्वर महादेव की पूजन पूर्व मे शचि ने की और इन्द्र को वर के रूप मे पाया था। रानी ने कठोर तप किया और सौभाग्येश्वर महादेव की कृपा से राजा अश्वाहन को पुनः पाया। हरितालिका को सौभाग्य व समृद्धि के लिए व्रत करनेवाली महिलाएं इस मंदिर मे पूजन करती हैं। मंदिर मे दर्शन करने से समस्त ग्रह दोष भी दूर हो जाते हैं।

# घर की पूजा से जन-उत्सव तक: ऐसे शुरू हुआ गणेशोत्सव का सार्वजनिक स्वरूप

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गणेशोत्सव आज देशभर में श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाता है। भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी से शुरू होने वाला यह पर्व कहीं घरों में तो कहीं विशाल सार्वजनिक पंडालों में मनाया जाता है। ढोल-नगाड़ों के बीच गणपति स्थापना से लेकर अनंत चतुर्दशी पर विसर्जन तक पूरा वातावरण गणेशमय हो जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि गणेशोत्सव का यह सार्वजनिक और भव्य स्वरूप आखिर शुरू कैसे हुआ? भगवान गणेश की पूजा भारत में प्राचीन काल से होती आ रही है। पुराणों और धार्मिक परंपराओं में गणेशजी को प्रथम पूज्य, विघ्नहर्ता और बुद्धि-विवेक के देवता के रूप में माना गया है। भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को गणेश जन्मोत्सव मनाने की परंपरा भी पुरानी है। पहले गणेश पूजा मुख्य रूप से घरों और मंदिरों तक सीमित रहती थी।



### तिलक ने दिया सार्वजनिक स्वरूप

गणेशोत्सव को बड़े पैमाने पर सार्वजनिक आयोजन का स्वरूप देने का श्रेय महाराष्ट्र में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को दिया जाता है। 1890 के दशक में उन्होंने गणेश उत्सव को सार्वजनिक रूप से आयोजित करने की पहल को बढ़ावा दिया। उस दौर में देश अंग्रेजी शासन के अधीन था और लोगों के बड़े राजनीतिक जमावड़ों पर कई तरह की पाबंदियां थीं। तिलक ने धार्मिक उत्सव को सामाजिक एकता और जन-जागरण का माध्यम बनाया। सार्वजनिक गणेश मंडलों के जरिए अलग-अलग वर्गों के लोग एक साथ आने लगे। पूजा के साथ भजन, कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामाजिक विषयों पर चर्चा और जन-जागरण की गतिविधियां भी होने लगीं।

### उत्सव बना सामाजिक एकता का माध्यम

सार्वजनिक गणेशोत्सव का सबसे बड़ा प्रभाव यह हुआ कि गणेश पूजा केवल परिवार या मोहल्ले तक सीमित नहीं रही। पूरा समाज इसमें सहभागी बनने लगा। छोटे-बड़े सभी लोग एक ही पंडाल में एकत्र होकर पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने लगे। धीरे-धीरे महाराष्ट्र से यह परंपरा देश के अनेक हिस्सों में पहुंची। आज मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों में सार्वजनिक गणेश पंडाल लगाए जाते हैं। कहीं विशाल प्रतिमाएं आकर्षण का केंद्र बनती हैं तो कहीं सामाजिक संदेश देने वाली झांकियां और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े आयोजन किए जाते हैं।

### आस्था के साथ बदलता स्वरूप

समय के साथ गणेशोत्सव का स्वरूप भी बदलता गया है। पहले जहां मिट्टी की छोटी प्रतिमाओं और पारंपरिक पूजा पर जोर था, वहीं आज बड़े पंडाल, आकर्षक सजावट, विद्युत रोशनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक अभियानों ने उत्सव को व्यापक रूप दे दिया है। हालांकि आधुनिकता के साथ पर्यावरण संरक्षण की चिंता भी बढ़ी है। इसी कारण अब मिट्टी की प्रतिमा, प्राकृतिक रंगों और पर्यावरण-अनुकूल विसर्जन को लेकर जागरूकता बढ़ रही है।

### गणपति बप्पा से जुड़ी एकता की भावना

गणेशोत्सव की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह केवल पूजा का पर्व नहीं, बल्कि सामूहिक आस्था, सामाजिक सहभागिता और एकता का उत्सव बन चुका है। घर से शुरू होने वाली गणेश आराधना जब सार्वजनिक पंडाल तक पहुंचती है तो उसमें पूरा समाज सहभागी हो जाता है। यही कारण है कि आज गणेशोत्सव केवल एक धार्मिक पर्व नहीं रहा, बल्कि भारतीय समाज की आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकजुटता का जीवंत प्रतीक बन चुका है।

# रेडीमेड वर्दी के विरोध में कोटवार, 20 को उज्जैन में आंदोलन की चेतावनी

## महीदपुर के कोटवारों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, बोले- पहनने लायक नहीं वर्दी; पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कोटवारों को उपलब्ध कराई गई रेडीमेड वर्दी को लेकर विरोध शुरू हो गया है। महीदपुर तहसील के कोटवारों ने वर्दी की गुणवत्ता और माप पर सवाल उठाते हुए इसे लेने से साफ इंकार कर दिया। आजाद कोटवार संघ के बैनर तले कोटवारों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर पूर्व की व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

कोटवारों का कहना है कि पूर्व में शासन द्वारा प्रतिवर्ष वर्दी की राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा कराई जाती थी। इससे वे अपनी माप के अनुसार अच्छी गुणवत्ता के कपड़े की वर्दी सिलवाते थे। इससे ड्यूटी के दौरान वर्दी व्यवस्थित और सम्मानजनक दिखाई देती थी। इस वर्ष राशि देने के बजाय रेडीमेड वर्दी उपलब्ध कराई गई है, जिसकी गुणवत्ता बेहद खराब है और माप भी सही नहीं है। संघ के अनुसार किसी को वर्दी छोटी पड़ रही है तो किसी को बड़ी। ऐसे में ड्यूटी के दौरान उन्हें असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। कोटवारों ने मांग की है कि रेडीमेड वर्दी की व्यवस्था समाप्त कर पूर्व की तरह वर्दी की राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जाए, ताकि वे अपनी माप और पसंद के अनुसार वर्दी तैयार करवा सकें।

### 20 सितंबर को उज्जैन में प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

तहसील अध्यक्ष गोविंद सिंह तंवर ने बताया कि इस संबंध में तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया है। अधिकारियों की ओर से उनकी मांग शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया है, लेकिन कोटवारों का कहना है कि यदि मांग पर शीघ्र निर्णय नहीं हुआ तो 20 सितंबर को उज्जैन में प्रदेश स्तर का बड़ा आंदोलन किया जाएगा। तंवर ने कहा कि मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से कोटवार उज्जैन पहुंचेंगे और मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने की चेतावनी दी गई है। उन्होंने कहा कि कोटवार चाहते हैं कि सरकार उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए पुरानी व्यवस्था लागू करे और वर्दी के लिए राशि सीधे उनके खातों में जमा करे।

# नए परिसर में हुआ बैंक ऑफ इंडिया की वेदनगर शाखा का शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

ग्राहकों को बेहतर और आधुनिक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंक ऑफ इंडिया की वेदनगर शाखा का नए परिसर में शुभारंभ हुआ। अब यह शाखा अपने पुराने पते ए-1/5 वेदनगर के बजाय नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने एमआईजी ए-23/12 वेदनगर योजना से संचालित होगी। नए परिसर का उद्घाटन बैंक के उज्जैन अंचल के आंचलिक प्रबंधक अजीत कुमार शरण ने किया।

शाखा के शुभारंभ अवसर पर श्री सत्यनारायण भगवान की पूजा की गई। कार्यक्रम में बैंक के अधिकारी-कर्मचारी, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और बैंक के प्रतिष्ठित ग्राहक उपस्थित रहे। इस मौके पर आंचलिक प्रबंधक अजीत कुमार शरण ने कहा कि ग्राहकों को सरल, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देना बैंक की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि नए और सुविधाजनक वातावरण में शाखा क्षेत्र के आर्थिक व सामाजिक विकास में अहम भूमिका निभाएगी।

### खंडेलवाल वैश्य पंचायत का 12 दिवसीय गणेश उत्सव 14 से

**उज्जैन।** खंडेलवाल वैश्य पंचायत द्वारा समाजजनों के लिए 12 दिवसीय सामाजिक गणेश उत्सव का आयोजन बुधवारिया स्थित पंचायत भवन में किया जा रहा है। 14 सितंबर सोमवार शाम 3:30 बजे भगवान गणेश की प्रतिमा की विधिवत स्थापना की जाएगी। उत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न सामाजिक गतिविधियां एवं प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

प्रतिमा स्थापना पंचायत के संरक्षक सिद्धेश्वर दास, अध्यक्ष गोविंद खण्डेलवाल, सचिव अनिल सामरिया, कोषाध्यक्ष गुलशन नाटाणी, उपाध्यक्ष राजेंद्र झालानी, सह सचिव मनीष खंडेलवाल, समन्वयक राजेंद्र सोखिया, उत्सव प्रभारी देवेंद्र जंघिनिया, भवन व्यवस्था प्रभारी मनीष मेहरवाल, मीडिया प्रभारी अर्पित गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र गुप्ता व अनिल गुप्ता तथा मनोनीत राजेश कुलवाल, सुमित झालानी, रतनदीप सोखिया, रेखा झालानी, सरिता बड़ेरा और गुंजन झालानी समाजजनों के साथ करेंगे।

# जैन पर्वों पर राजस्थान में मांस बिक्री और बूचड़खाने बंद

## मध्यप्रदेश में भी आदेश की मांग, जैन धर्म का मूल सिद्धांत अहिंसा परमो धर्मः है

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जैन समाज के प्रमुख अहिंसा एवं जीवदया पर्वों को लेकर राजस्थान सरकार द्वारा लिए गए निर्णय का जैन समाज ने स्वागत किया है। राजस्थान सरकार ने 15 सितंबर 2026 को पर्युषण पर्व एवं संवत्सरी, 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी तथा 27 सितंबर को क्षमावाणी पर्व के अवसर पर प्रदेश के बूचड़खानों तथा मांस-मछली की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है।

राजस्थान सरकार के इस निर्णय का राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ के राष्ट्रीय प्रचारक राजेश जैन दद्दू, मयंक जैन एवं राकेश गोहिल ने स्वागत करते हुए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। राजेश जैन दद्दू ने कहा कि जैन धर्म का मूल सिद्धांत अहिंसा परमो धर्मः है।




पर्युषण, संवत्सरी और क्षमावाणी आत्मशुद्धि, क्षमा एवं जीवदया के पर्व हैं। इन पवित्र अवसरों पर जीव हिंसा पर रोक लगाना जैन समाज की धार्मिक भावनाओं के सम्मान के साथ ही भारतीय संस्कृति की जियो और जीने दो की भावना को भी मजबूत करता है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार का यह निर्णय सभी धर्मों की भावनाओं के सम्मान का संदेश देता है और करोड़ों शाकाहारी एवं जैन समाजजनों के लिए संतोष का विषय है।

दद्दू ने मध्यप्रदेश सरकार से भी राजस्थान की तर्ज पर आदेश जारी करने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आग्रह किया कि प्रदेश में 15 सितंबर पर्युषण-संवत्सरी, 25 सितंबर अनंत चतुर्दशी और 27 सितंबर क्षमावाणी के अवसर पर बूचड़खाने तथा मांस-मछली की दुकानों को बंद रखने के आदेश जारी किए जाएं।

उन्होंने कहा कि इंदौर, भोपाल, जबलपुर, सागर, अशोकनगर, उज्जैन सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों में जैन समाज द्वारा इन पर्वों को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। दद्दू ने इन अवसरों पर मांस-मछली के साथ शराब की बिक्री पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। समाजसेवी डॉ. जैनेन्द्र जैन ने कहा कि यह केवल जैन समाज की मांग नहीं, बल्कि अहिंसा में विश्वास रखने वाले सभी लोगों की भावना है। ऐसे निर्णय से प्रदेश में अहिंसा, शाकाहार और करुणा का संदेश मजबूत होगा।

राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ की ओर से इस संबंध में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव एवं नगरीय प्रशासन विभाग को पत्र भेजकर मांग की गई है।

## चौड़ीकरण के बाद भी सड़क का हाल बेहाल

# खड़े हनुमान के विस्थापन पर विवाद, इधर चौड़ी सड़क पर ही पार्किंग और अतिक्रमण


ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर में सड़क चौड़ीकरण और विकास कार्यों को लेकर लगातार चचाएं चल रही हैं। खासकर खड़े हनुमान मंदिर की प्रतिमा के विस्थापन को लेकर लंबे समय से विवाद बना हुआ है। एक ओर प्रतिमा को हटाने को लेकर धार्मिक भावनाओं और विकास के बीच संतुलन की बात हो रही है, वहीं दूसरी ओर चौड़ीकरण के बाद मौके पर सामने आया नजारा कई सवाल खड़े कर रहा है।

चौड़ीकरण के बाद सड़क के दोनों ओर पर्याप्त जगह दिखाई दे रही है, लेकिन जगह का उपयोग यातायात सुगम बनाने के बजाय पार्किंग और अतिक्रमण के लिए होने लगा है। सड़क किनारे दोनों तरफ लोगों ने मोटरसाइकिलें और कारें खड़ी कर दी हैं। वहीं कई दुकानदारों ने भी चौड़ी हुई जगह पर सामान रखकर अथवा अन्य तरीके से अपना कब्जा जमा लिया है।

स्थिति यह है कि जिस सड़क को चौड़ा करने के पीछे यातायात व्यवस्था बेहतर करने और आम लोगों को सुविधा देने का उद्देश्य बताया गया था, वहां अब पार्किंग और अस्थायी अतिक्रमण के कारण चौड़ीकरण का वास्तविक लाभ नजर नहीं आ रहा।





### सवाल चौड़ी सड़क का नहीं, व्यवस्था का है

खड़े हनुमान की प्रतिमा को लेकर इतना बड़ा विवाद इसलिए हो रहा है कि सड़क और विकास के नाम पर धार्मिक आस्था से जुड़े विषयों पर भी गंभीरता से विचार किया जा रहा है। लेकिन दूसरी तरफ सवाल यह है कि यदि सड़क चौड़ी करने के बाद उसी जगह पर वाहन खड़े हो जाएं और दुकानदार जगह घेर लें, तो फिर करोड़ों की मेहनत से किए गए चौड़ीकरण का फायदा आखिर किसे मिलेगा?

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क चौड़ी करने के साथ यदि पार्किंग और अतिक्रमण की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो कुछ समय बाद स्थिति फिर पहले जैसी हो सकती है। ऐसे में प्रशासन को केवल सड़क की चौड़ाई बढ़ाने पर नहीं, बल्कि चौड़ी की गई जगह को सुरक्षित रखने और उसका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने पर भी ध्यान देना होगा।

### विकास के साथ निगरानी भी जरूरी

शहर में सिंहस्थ को देखते हुए तेजी से विकास और सड़क चौड़ीकरण के काम चल रहे हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि जिन सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है, वहां नियमित निगरानी हो और नई जगह पर दोबारा अतिक्रमण न होने दिया जाए। अन्यथा एक तरफ प्रतिमा के विस्थापन को लेकर धार्मिक भावनाओं और विकास के बीच बहस चलती रहेगी और दूसरी तरफ चौड़ी सड़क पर ही पार्किंग-अतिक्रमण का कब्जा दिखाई देगा। जब चौड़ीकरण के बाद मिली जगह को ही बचाकर नहीं रखा जा रहा, तो फिर सड़क चौड़ी करने का असली उद्देश्य कैसे पूरा होगा?

उज्जैन
सोमवार
14
सितम्बर, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

**विद्या वितर्का विज्ञानं स्मतिः तत्परता किया।**
**यस्यैते षड्गुणास्तस्य नासाध्यमतिवर्तते।।**

**अर्थः** ज्ञान, तर्क, विज्ञान, स्मृति, तत्परता और दक्षता, जिसके पास ये छह हैं, उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है।

## खबर एक नजर...

### हर सेवा के लिए डेटा सेंटर जरूरी नहीं मप्र में डेटा सेंटर पर करोड़ों खर्च

**इंदौर।** मप्र के स्टेट डेटा सेंटर (एसडीसी) में सुरक्षा, मैनपॉवर और डिजास्टर रिकवरी को लेकर सामने आई खामियों के बीच छत्तीसगढ़ ने सरकारी आईटी ढांचे के संचालन का मॉडल बदलने की दिशा में कदम बढ़ाया है। मप्र में जहां बड़ा डेटा सेंटर स्थापित कर उसके संचालन के लिए सिस्टम इंटीग्रेटर पर निर्भरता रही, वहीं छत्तीसगढ़ ने क्लाउड फर्स्ट नीति लागू की है। छत्तीसगढ़ के आईटी सचिव अंकित आनंद के मुताबिक हर सरकारी डेटा और एप्लीकेशन को स्टेट डेटा सेंटर में रखना जरूरी नहीं है। सुरक्षित क्लाउड के इस्तेमाल से हार्डवेयर, क्षमता विस्तार, रखरखाव और संचालन पर होने वाला खर्च कम किया जा सकता है। हालांकि अति संवेदनशील और महत्वपूर्ण डेटा स्टेट डेटा सेंटर में रखा जाएगा। बाकी को जरूरत के अनुसार क्लाउड पर ले जाया जा सकेगा।

### अंडरग्राउंड मेट्रो के विरोध में सड़क पर उतरे रहवासी

**इंदौर।** वार्ड 49 के पूर्वी क्षेत्र की तिलक नगर, साईनाथ कॉलोनी, गोयल नगर, पत्रकार कॉलोनी समेत आसपास के रहवासियों ने रविवार सुबह प्रस्तावित अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन के विरोध में प्रदर्शन किया। बंगाली चौराहे के पास मेट्रो ऑफिस के समीप बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने प्रशासन के सामने अपनी आपत्तियां रखीं। प्रदर्शनकारियों ने वार्ड 49 बचाओ, भूमिगत मेट्रो हटाओ के नारे लगाए। रहवासियों का कहना है कि वे मेट्रो या विकास के विरोध में नहीं हैं, लेकिन घनी आबादी वाले क्षेत्र से भूमिगत लाइन निकालने से भविष्य में कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। रहवासियों के मुताबिक, क्षेत्र में पेयजल के लिए मुख्य रूप से बोरिंग पर निर्भरता है। उनका दावा है कि टनल बोरिंग मशीन से खुदाई के दौरान सैकड़ों बोरिंग प्रभावित होकर सूख सकती हैं। प्रदर्शनकारियों ने 50-60 साल पुराने मकानों की नींव को लेकर भी चिंता जताई। उनका कहना है कि खुदाई से मकानों में दरारें आने और जमीन धंसने का खतरा हो सकता है। निर्माण कार्य के दौरान 2-3 साल तक धूल, शोर और कंपन से बच्चों की पढ़ाई और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर असर पड़ने की आशंका भी जताई गई। रहवासियों ने करीब 3.3 किलोमीटर के भूमिगत खंड से अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ने का भी दावा किया।

### नवविवाहिता की आत्महत्या मामले में पति-ससुर हिरासत में

**इंदौर।** मल्हारगंज थाना क्षेत्र के कड़ाबीन इलाके में 27 वर्षीय नवविवाहिता शिवानी की फांसी लगाकर आत्महत्या के मामले में पुलिस ने मृतका के पति, सास और ससुर के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। साथ ही देर रात पति और ससुर को हिरासत में लिया। एसीपी अशोक सिंह जादौन ने जांच के बाद रविवार को मृतका शिवानी मौर्य (27) की मौत के मामले में पति लोकेश मौर्य, ससुर मनोहर और सास अनिता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। एसीपी ऑफिस में परिवार के बयान हुए। इसमें शिवानी के परिजन ने बताया कि फरवरी 2026 में उसकी शादी लोकेश से हुई थी। शिवानी का परिवार कम्पेल में रहता है। परिजन के मुताबिक, शादी के दिन भी दहेज को लेकर विवाद हुआ था। बाद में लोकेश ने कार खरीदने के लिए 5 लाख रुपए मांगे। इसमें शिवानी के पिता ने 2 लाख रुपए की व्यवस्था कर दी। इसके बाद ससुराल पक्ष के लोग 15 लाख रुपए की और मांग करने लगे। इन बातों को लेकर वे शिवानी को परेशान करते थे।

### इंदौर में दो अलग-अलग सड़क हादसों में 2 की मौत

**इंदौर।** खुडैल इलाके में मोपेड सवार बुजुर्ग को एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। वह अपने 6 साल के पोते को लेकर घर से कुछ दूरी पर घी लेने निकले थे। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से भाग गया। अस्पताल में उपचार के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। खुडैल पुलिस के मुताबिक, मृतक सुखराम पुत्र कन्हैयाल व्यास निवासी खुडैल हैं। वह अपने 6 साल के पोते वंश को लेकर मोपेड से शनिवार देर शाम घी लेने दुकान पर निकले थे। इस दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में सुखराम को गंभीर चोट आई, जबकि पीछे बैठा पोता वंश मामूली घायल हो गया। आसपास के लोगों ने सुखराम को एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी मौत हो गई। सरपंच सुरेश ने बताया कि परिवार में सुखराम के तीन बेटे हैं। वह किसानी का काम करते थे। पुलिस ने बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी है। इंदौर के मांगलिया में भी शनिवार देर रात हुए हादसे में एक दोस्त की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हुआ है। शिप्रा पुलिस के मुताबिक मृतक देवकुमार (35) निवासी ग्राम पोडाय, देवास है। हादसे में उसका दोस्त हुकुमसिंह (40) पुत्र पूनाजी घायल हुआ है। हुकुम ने बताया कि दोनों मजदूरी का काम करते हैं। रात करीब 12 बजे दोनों का खाना खाने का मन हुआ।

### ओसवाल कास्टिंग कंपनी में युवक की मशीन में फंसकर मौत


**पीथमपुर।** पीथमपुर के सेक्टर 3 स्थित ओसवाल कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड में शनिवार रात काम के दौरान एक हादसा हो गया। नाइट शिफ्ट में ड्यूटी कर रहे 20 वर्षीय कर्मचारी कल्पेश साहू की कास्टिंग मशीन में फंसने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद फैक्ट्री परिसर में हंगामा मच गया और परिजन ने मुआवजे की मांग को लेकर रातभर धरना दिया। तड़के 3 बजे प्रबंधन के साथ सहमति बनने के बाद मामला शांत हुआ। सागौर निवासी कल्पेश साहू (20 वर्ष) बीती रात ओसवाल कास्टिंग कंपनी में नाइट शिफ्ट में काम पर गए थे। रात करीब 8 बजे काम के दौरान कल्पेश अचानक कास्टिंग मशीन की चपेट में आ गए। मशीन में बुरी तरह फंस जाने के कारण उन्हें गंभीर चोटें आईं और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही सागौर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। घटना से नाराज परिजन और ग्रामीण कंपनी परिसर के बाहर जमा हो गए और उचित मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। स्थिति को देखते हुए कंपनी के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

---

### इंदौर में हीरे जड़ित नेत्र लगाए, सवा लाख मोदक का लगेगा भोग

# गणेश चतुर्थी- आज घर-घर विराजेंगे गजानन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर





गणेश चतुर्थी पर आज गणपति बप्पा की स्थापना होगी। घरों से लेकर बड़े गणेश मंदिरों और पंडालों तक उत्सव की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इंदौर के खजराना गणेश, उज्जैन के चिंतामन गणेश समेत प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजन, श्रृंगार और दर्शन की तैयारियां हैं। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटेगी। इंदौर के खजराना गणेश मंदिर में करीब 7 करोड़ के स्वर्ण आभूषण भगवान को धारण कराए जाएंगे। इससे पहले रविवार को ब्रह्ममुहूर्त में भगवान को हीरे जड़ित नेत्र धारण करा दिए गए। इधर, बड़ा गणपति मंदिर में भी भगवान का आकर्षक श्रृंगार होगा। 25 फीट ऊंचे गणपति की रोजाना एक घंटे संगीतमय आरती होगी।

**खजराना गणेश मंदिर में रोजाना होगा आकर्षक श्रृंगार-** इंदौर के खजराना गणेश मंदिर में 10 दिनों तक भगवान का रोजाना आकर्षक श्रृंगार होगा। मुख्य पुजारी पंडित अशोक भट्ट के मुताबिक भगवान को करीब 7 करोड़ रुपए कीमत के स्वर्ण आभूषण धारण कराए जाएंगे। सोमवार सुबह मंदिर प्रबंधन समिति अध्यक्ष कलेक्टर शिवम वर्मा और नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ध्वज पूजन और महाआरती करेंगे। सवा लाख मोदक का भोग भगवान गणेश को लगाया जाएगा। पूरे मंदिर को फूलों और लाइटों से सजाया गया है। सोमवार को सुबह पौन 8 से सवा 8 बजे के बीच आरती, दोपहर 12 बजे भगवान के जन्म की महाआरती और रात में पौन 8 से सवा 8 बजे के बीच आरती होगी।

**बड़ा गणपतिः 1 घंटे की होगी संगीतमय आरती-** इंदौर के पश्चिम क्षेत्र में स्थित बड़ा गणपति मंदिर को इस साल 125 साल पूरे हो रहे हैं। भगवान की अद्भुत प्रतिमा 25 फीट ऊंची और 14 फीट चौड़ी है। यह प्रतिमा 4 फीट चौड़े और 16 फीट लंबे चौकोर आसन पर विराजमान है, जो पांच फीट ऊंचा है। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित धनेश्वर दाधिच के मुताबिक, बड़ा गणपति मंदिर में भी गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त भगवान के दर्शन करने आते हैं। सोमवार को सवा मन शुद्ध गाय के घी से घर पर बनाए गए लड्डुओं का भोग लगाया जाएगा। इसमें 5 किलो के बड़े लड्डू से लेकर डिसेंडिंग ऑर्डर में लड्डुओं का भोग अर्पित किया जाएगा, जो लगभग 101 किलो के होंगे। भगवान गणेश की रोजाना रात 9 बजे एक घंटे की संगीतमय आरती होगी। भीड़ को देखते हुए आने और जाने के गेट अलग-अलग होंगे।

### उज्जैन के चिंतामन गणेशः बनाते हैं उल्टा स्वास्तिक

- चिंतामन गणेश मंदिर की खास परंपराओं में से एक मंदिर के पीछे उल्टा स्वास्तिक बनाना है। पुजारी गणेश गुरु बताते हैं कि विशेष रूप से संतान प्राप्ति की कामना लेकर आने वाले श्रद्धालु भगवान की पीठ की ओर उल्टा स्वास्तिक बनाकर अपनी मनोकामना मांगते हैं।
- मनोकामना पूरी होने के बाद श्रद्धालु दोबारा मंदिर आते हैं और सीधा स्वास्तिक बनाते हैं। कई श्रद्धालु यहां रक्षा सूत्र भी बांधते हैं और मनोकामना पूरी होने के बाद उसे खोलने के लिए दोबारा मंदिर आते हैं।
- मंदिर परिसर में बड़ा तराजू भी रखा हुआ है। मान्यता पूरी होने के बाद श्रद्धालु अनाज, लड्डुओं या अन्य प्रसाद से तुलादान करते हैं। कई परिवार संतान प्राप्ति के बाद बच्चे के वजन के बराबर लड्डुओं का तुलादान कर प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित करते हैं।

---

### इंदौर में जेन जेड को जोड़ रही कांग्रेस की स्पेशल टीम

# 19 सितंबर को राहुल गांधी का छात्रों की गूंज राघव चैतन्य, रैपर लश-करी परफॉर्मेंस देंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर




लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर सस्पेंस खत्म हो गया है। इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) ने 11 सितंबर को रीजनल पार्क के पास स्थित आईडीए मैदान में कार्यक्रम करने की अनुमति दे दी। कांग्रेस ने इसके लिए आईडीए में 10,08,175 रुपए जमा कर दिए हैं। कार्यक्रम 17 से 19 सितंबर तक चलेगा। राहुल 19 सितंबर को इंदौर आएंगे और छात्रों से बातचीत करेंगे। इस संवाद से पहले सिंगर राघव चैतन्य, इंदौर के रैपर लश-करी और अमेरिकाज गॉट टैलेंट के विजेता डांस ग्रुप वी अनबीटेबल ड्रीम टीम प्रस्तुतियां देंगे।

कार्यक्रम में सबसे पहले राघव चैतन्य, फिर लश-करी परफॉर्मेंस देंगे। इसके बाद वी अनबीटेबल ड्रीम टीम एक्रोबेटिक और हिप-हॉप डांस से धमाल मचाएगी। इन कलाकारों को बुलाने के पीछे कांग्रेस की रणनीति युवाओं और जेन जेड तक अपनी पहुंच बढ़ाना है। राघव चैतन्य के इंस्टाग्राम पर करीब 1.80 लाख जबकि लश-करी के 4.98 लाख फॉलोअर्स हैं।

राघव बॉलीवुड के चर्चित प्लेबैक सिंगर हैं। उन्हें फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिल चुका है। लश-करी के परफॉर्मेंस का अंदाज युवाओं को बहुत चर्चित है। वी अनबीटेबल ड्रीम टीम हाई एनर्जी डांस के लिए दुनियाभर में पहचान बना चुका है।

छात्रों की गूंज को लेकर इंदौर में रविवार को कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शिक्षा व्यवस्था, निजी शिक्षण संस्थानों, ठएएळ पेपर लीक को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। कहा कि शिक्षा व्यवस्था से रोजगार की कड़ी कमजोर हो रही है, ऐसे में इस मुद्दे पर देश में व्यापक चर्चा जरूरी है। पटवारी ने कहा- अफोर्डेबल एजुकेशन की बात हो या शिक्षा नीति में बदलाव की, सभी पक्षों को साथ लेकर चर्चा करनी चाहिए। राहुल गांधी इस मुद्दे को छात्रों के बीच ले जा रहे हैं और इससे एक राजनीतिक मोमेंटम जरूर बना है। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस छात्रों की आवाज उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। अगर कार्यक्रम के लिए 10 लाख रुपए की जगह 10 करोड़ रुपए भी मांगे जाते, तब भी हम देने को तैयार थे। मुद्दा पैसा नहीं, बल्कि छात्रों और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े सवालों को सामने लाना है।

### इंदौर में 11 सितंबर को हो चुकी बैठक

राहुल का छात्रों की गूंज कार्यक्रम अब तक कोटा, देहरादून, प्रयागराज और पुणे में हो चुका है। इंदौर में इसकी तैयारियों को लेकर 11 सितंबर को राहुल की टीम के केवी बैजू सहित दूसरे सदस्य दिल्ली से यहां पहुंचे। इनकी प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और स्थानीय नेताओं के साथ बैठक हुई। इस बैठक में विशेष टीम को कार्यक्रम के प्रचार और भीड़ जुटाने की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। विधानसभावार प्रचार के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच बनाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### एनएसयूआई ने बनाए 32 जोन, स्कूल-कॉलेज में जा रहे

युवाओं के बीच पहुंच बढ़ाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने इंदौर को 32 जोन में बांटा है। प्रदेश के अन्य जिलों के पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारियां दी गई हैं। युवा कांग्रेस के नेताओं को भी इससे जोड़ा गया है। छात्रों की गूंज के लिए कोचिंग-लाइब्रेरी, स्कूल-कॉलेजों में जाकर स्टूडेंट्स को आमंत्रित किया जा रहा है। यह भी जानकारी ली जा रही है कि वे किन मुद्दों को उठाना चाहते हैं।

---

### शराब दुकान पर दो गुट भिड़े

# बेसबॉल के डंडे चले



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

राजेंद्र नगर इलाके में रविवार रात करीब 11 बजे युवकों के दो गुटों के बीच जमकर विवाद हो गया। ईश्वरी ग्रीस के सामने शराब दुकान के पास दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई, इसके बाद मारपीट शुरू हो गई। युवकों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसों के साथ बेसबॉल के डंडों से भी हमला किया।

विवाद के बाद मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों के युवकों को पकड़कर थाने ले गई। राजेंद्र नगर थाने से कुछ दूरी पर हुई इस घटना के बाद आसपास के लोगों ने विवाद के बाद का वीडियो बना लिया। रविवार रात सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो भी वायरल हुआ। वीडियो में कुछ युवक एक-दूसरे से मारपीट करते नजर आ रहे हैं। विवाद की सूचना मिलते ही पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मी विवाद कर रहे युवकों को लेकर राजेंद्र नगर थाने पहुंचे। पुलिस मामले में पकड़े गए युवकों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। हालांकि, विवाद किस बात को लेकर शुरू हुआ, इसे लेकर पुलिस की ओर से फिलहाल स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

---

# नगर निगम की बिल्डिंग में अचानक धंसी जमीन, घर में सो रहा था परिवार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के गांधी नगर इलाके में शनिवार रात नगर निगम की मल्टी के एक मकान की जमीन अचानक अंदर की ओर धंस गई। उस समय कन्हैया अपने पत्नी और दो बच्चों के साथ घर में सो रहे थे। तेज धमक की आवाज के बाद टाइल्स करीब 1 से 2 फीट तक अंदर धंस गईं। परिवार घबराकर तुरंत घर से बाहर निकल आया। घटना गांधी नगर पेट्रोल पंप के पास स्थित नगर निगम की मल्टी है। कन्हैया पुत्र सुनील ने बताया कि रात में अचानक धमक की आवाज हुई। उन्होंने लाइट चालू की तो घर की टाइल्स नीचे धंसी हुई थीं। उन्हें लगा कि भूकंप आया है, इसलिए बच्चों को लेकर तुरंत बाहर निकल गए। इसके बाद शाम को प्रभारी महापौर राजेंद्र राठौर ने किया बिल्डिंग का निरीक्षण। मरम्मत करने के अधिकारियों को निर्देश देने के साथ ही मामले में जांच करने की बात कही।

---

# आयुष्मान में फर्जीवाड़ाः 107 डॉक्टर कई जगह फुल टाइम

### 67 के नाम 831 अस्पतालों से जुड़े

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



आयुष्मान भारत योजना से सम्बद्ध अस्पतालों की मान्यता और इलाज के दावों को लेकर बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्रेशन पोर्टल की जांच में खुलासा हुआ है कि 107 डॉक्टरों को एक से अधिक अस्पतालों ने अपने यहां फुल टाइम डॉक्टर बताया है।

हद तो तब हो गई जब कुछ अस्पतालों ने एक भी फुल टाइम डॉक्टर नहीं दशार्या और उनका पूरा काम केवल विजिटिंग डॉक्टरों के भरोसे चल रहा है। वहीं 67 डॉक्टरों के नाम पर कुल 831 संस्थानों की जानकारी पोर्टल पर दर्ज है। मामला सामने आने के बाद आयुष्मान भारत निरामयम् कार्यालय ने संबंधित 174 डॉक्टरों की सूची मध्य प्रदेश चिकित्सा परिषद को भेज दी है। आयुष्मान भारत योजना मप्र के सीईओ अरविंद शाह ने परिषद से कहा गया है कि वह जांच करे और कार्रवाई करे। सभी जिलों के कलेक्टरों को भी इस मामले की जांच के लिए फरमान जारी किया गया है। यह मामला इसलिए बेहद गंभीर है क्योंकि आयुष्मान योजना में अस्पतालों को सूचीबद्ध करते समय इन्हीं डॉक्टरों की उपलब्धता पोर्टल पर दर्ज की गई थी।

**831 में केवल 9 फुल टाइम :** पांच से अधिक अस्पतालों से जुड़े 67 डॉक्टरों के नाम पर 831 संस्थानों की जानकारी दर्ज है। इनमें मात्र 9 फुल टाइम। यानी लगभग 99% विजिटिंग श्रेणी के हैं। 10 डॉक्टरों के नाम पर ही 290 अस्पतालों की लिंकिंग दर्ज है।

---

### पुलिस ने 21 पासबुक, 8 एटीएम और 20 चेकबुक जब्त कीं, 11 राज्यों में थी 46 शिकायतें

# क्राइम ब्रांच ने 3 करोड़ रुपये की ठगी से जुड़ा आरोपी किया गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर क्राइम ब्रांच ने ऑपरेशन मैट्रिक्स के तहत अंतरराज्यीय साइबर फ्रॉड नेटवर्क से जुड़े आरोपी ललित उर्फ ऋषि सुतार को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 21 बैंक पासबुक, 8 एटीएम कार्ड, 20 चेकबुक, 7 क्यूआर कोड और एचपी कंपनी का एक लैपटॉप जब्त किया गया है। पुलिस के मुताबिक, इन बैंक खातों का इस्तेमाल 3 करोड़ रुपए से ज्यादा की साइबर ठगी की रकम के लेन-देन में किया गया।

**एनसीआरपी जांच में 11 राज्यों से जुड़ा नेटवर्क-** एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार, जब्त बैंक खातों की नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर जांच कराई गई। इसमें महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, अंडमान-निकोबार, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पंजाब, बिहार, गुजरात और छत्तीसगढ़ समेत 11 राज्यों से जुड़ा नेटवर्क सामने आया। इन राज्यों में इन खातों से संबंधित 46 शिकायतें दर्ज होने की जानकारी मिली है। प्रारंभिक जांच में इन खातों से इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, एपीके फ्रॉड और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े 3 करोड़ रुपए से ज्यादा के लेन-देन का पता चला है। मामले में साइबर अपराध से जुड़े प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है।

**कनाडिया में दो आरोपियों पर केस-** कनाडिया पुलिस ने विवेक गोयल और अरुण साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक, विवेक गोयल ने अरुण साहू को लालच देकर म्यूल अकाउंट खुलवाया था। इस खाते का इस्तेमाल दूसरे राज्यों से जुड़े वित्तीय लेन-देन के लिए किया जा रहा था।

### विजयनगर में पांच लोगों पर एफआईआर

विजयनगर पुलिस ने म्यूल अकाउंट मामले में अरबाज खान, नदीम खान, सलमान मुल्तानी और अनस अहमद समेत पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों को एटूजेड कार एंड डील के नाम से बैंक खाता खुलवाने के लिए 4 लाख रुपए देने का लालच दिया गया था। इसमें 20 हजार रुपए पहले और 3 लाख 80 हजार रुपए बाद में देने की बात कही गई थी।

## शराब कांड की न्यायिक जांच पर दिग्विजय ने उठाए सवाल

**सागर।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बंडा दौरे के बाद रविवार को पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने घोषणा की है कि जहरीली शराब पीने से मृत हुए व्यक्तियों में पीड़ित चार परिवारों को मैं गोद ले रहा हूं। उन्होंने चारों पीड़ित परिवारों को 10-10 हजार रुपए की राशि प्रतिमाह देने तथा उनके बच्चों की शिक्षा का खर्च उठाने की घोषणा की। उन्होंने चार मृतकों के नाम भी बताए जिनके परिवार का उन्होंने जिम्मा लिया है। दिग्विजय ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र मोहासा व पूर्व विधायक तरवर सिंह से भी जिन प्रभावितों ने रोशनी खो दी या फिर परिवार का मुखिया नहीं रहा, उन परिवारों को गोद लेने की अपील की है। दिग्विजय सिंह ने शराब कांड की न्यायिक जांच पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाए हैं कि न्यायिक जांच के लिए रिटायर्ड जज चौहान को नियुक्त किया गया है। ये वही जज हैं, जिन्होंने व्यापमं कांड की जांच की थी। मुझे उन पर भरोसा नहीं है। इस दौरान उन्होंने अन्य जिम्मेदार लाइसेंसी ठेकेदारों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

## मां इच्छादेवी के पैर छुए, फिर मुकुट-छत्र चुराया

**बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में मां इच्छादेवी मंदिर में शनिवार रात करीब डेढ़ बजे तीन बदमाश घुसे। रॉड से ताला तोड़कर दो अंदर गए, जबकि तीसरा बाहर निगरानी करता रहा। बदमाश माता का मुकुट और छत्र चोरी कर ले गए। वारदात इच्छापुर में हुई है।

सीसीटीवी में एक बदमाश चोरी से पहले माता के पैर छूता नजर आया। मंदिर की दान पेटी शनिवार शाम ही खाली कर दी गई थी। सोने का मंगलसूत्र और नाक की लौंग सुरक्षित हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, तीनों बदमाश रात करीब 1:30 बजे मंदिर पहुंचे थे। तीनों ने काले कपड़े पहन रखे थे और ऊपर से सफेद जैकेट पहनी हुई थी। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में उनके हाथों के फिंगरप्रिंट नहीं मिले हैं, जिससे माना जा रहा है कि उन्होंने दस्ताने पहन रखे थे। एक बदमाश के हाथ में चाकू और दूसरे के पास रॉड थी, जबकि तीसरा आसपास की गतिविधियों पर नजर रख रहा था। बदमाशों ने पहले मंदिर का ताला तोड़ने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। इसके बाद मंदिर के दूसरे छोर पर जाकर एक पेटी पर रॉड से 3-4 वार किए। फिर मुख्य गेट के पास पहुंचकर ताले पर भी 3-4 बार रॉड मारी। ताला टूटने के बाद दो बदमाश अंदर गए, जबकि तीसरा बाहर निगरानी करता रहा।

## एथेनॉल फैक्ट्री में कंप्यूटर ऑपरेटर की मौत, 5 किमी तक जाम

**नीमच।** मध्य प्रदेश के नीमच जिले के कृपा बायोटेक एथेनॉल फैक्ट्री में रविवार दोपहर करंट लगने से 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक फैक्ट्री में कंप्यूटर ऑपरेटर के तौर पर काम करता था। घटना जीरन के चल्दु गांव की है। मृतक की पहचान ग्राम चंगेरी निवासी मनीष (32), पिता गणपत लाल भाटी के रूप में हुई है। घटना से नाराज परिजन और ग्रामीणों ने नीमच-मंदसौर हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। दोनों तरफ करीब 5 किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई। हालांकि, समझाइश के करीब 4 घंटे बाद चक्काजाम खत्म हुआ। मृतक की बहन रामकन्या बाई ने बताया- मनीष रविवार सुबह करीब 9 बजे फैक्ट्री गया था। काम के दौरान उसे करंट लगा और वह बेहोश होकर गिर गया। साथी कर्मचारी उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## सिफारिशें बेअसर, देर रात चेकिंग में 100 से ज्यादा चालान

**दतिया।** दतिया में रविवार देर रात पुलिस की वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक ने हाथ जोड़कर कहा- सर, पापा ने तो मुझे सामान लेने भेजा था। क्या पता था आज चेकिंग चल रही है। पहली बार ऐसा हुआ है, आज चालान रहने दो, मैं माफी मांगता हूं। पुलिसकर्मी ने उसकी बात सुनी, लेकिन कार्रवाई नहीं रोकी। इसी तरह कई वाहन चालकों ने फोन मिलाकर मदद लेने की कोशिश की, लेकिन ट्रैफिक प्रभारी ने किसी की सिफारिश नहीं मानी। जांच के दौरान 100 से ज्यादा चालान बनाए गए। इनमें सबसे ज्यादा कार्रवाई व्यवसायिक वाहनों पर हुई। देर रात वाहन चेकिंग के लिए पुलिस ने शहर और आसपास के प्रमुख रास्तों को अलग-अलग हिस्सों में बांटकर जांच शुरू की थी। ग्वालियर-झांसी हाईवे ब्रिज के नीचे, झांसी बाईपास और असनई मार्ग पर पुलिस ने आने-जाने वाले वाहनों को रोककर जांच की। शहर के भीतर राजगढ़ चौराहा, सीता सागर के सामने, लाला का तालाब और किला चौक पर भी पुलिस की टीम तैनात रही।

## 14 वर्षीय बच्ची के पेट से निकला बालों का गुच्छा

**शिवपुरी।** शिवपुरी के श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने 14 साल की एक किशोरी के पेट से करीब 16 बाय 14 सेंटीमीटर का बालों का गुच्छा निकालकर सफल ऑपरेशन किया। यह बालों का गुच्छा पेट के करीब 90 प्रतिशत हिस्से में फैला हुआ था और छोटी आंत तक पहुंच गया था। करीब तीन घंटे चले ऑपरेशन के बाद किशोरी की हालत अब स्थिर है।

### तीन साल से मताधिकार के लिए संघर्ष का दावा, कलेक्टर से शिकायत पर मानसिक स्थिति पर सवाल उठाने का आरोप

# वोट से रोका तो चौकीदार ने पीएमओ में लगाया फोन, कहा- प्रधानमंत्री जी से बात करवाओ मेरी

### कलेक्टर से शिकायत के बाद मानसिक स्थिति पर सवाल

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नीमच/भोपाल

लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को मिले मताधिकार को लेकर मध्यप्रदेश के नीमच जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां चौकीदारी और सुरक्षा ड्यूटी करने वाले हिम्मत सिंह राठौर का दावा है कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान उन्हें ड्यूटी के कारण वोट डालने से रोक दिया गया। इतना ही नहीं, उन्होंने ड्यूटी के दौरान भूखा रखने और मेहनताना नहीं देने के भी गंभीर आरोप लगाए हैं। अपने अधिकारों के लिए पिछले करीब तीन वर्षों से संघर्ष करने का दावा कर रहे हिम्मत सिंह ने अब सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत से जुड़ी कॉल रिकॉर्डिंग भी सामने आने का दावा किया जा रहा है, जिसमें वे प्रधानमंत्री से बात कराने की मांग करते सुनाई देते हैं।



### मुझे वोट डालने से रोका गया, क्या चौकीदार को अधिकार नहीं?

हिम्मत सिंह का आरोप है कि विधानसभा चुनाव के दौरान उन्हें सुरक्षा/चौकीदारी की ड्यूटी पर लगाया गया था। ड्यूटी के चलते वे अपने मताधिकार का इस्तेमाल नहीं कर सके। उनका कहना है कि उन्हें मतदान का अवसर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जानी चाहिए थी। हिम्मत सिंह ने आरोप लगाया कि ड्यूटी के दौरान उन्हें पर्याप्त भोजन तक नहीं दिया गया और मेहनताना भी नहीं मिला। उनका सवाल है कि यदि एक चौकीदार चुनावी व्यवस्था में अपनी ड्यूटी निभा सकता है, तो क्या उसे लोकतंत्र में वोट डालने का अधिकार नहीं मिलना चाहिए?

### कलेक्टर से शिकायत के बाद मानसिक स्थिति पर सवाल

हिम्मत सिंह के अनुसार, उन्होंने अपनी शिकायत को लेकर स्थानीय स्तर पर अधिकारियों से भी गुहार लगाई। उनका आरोप है कि कलेक्टर से शिकायत करने के बाद उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने की बात कही गई। इस कथित रवैये से नाराज होकर उन्होंने मामले को उच्च स्तर तक पहुंचाने का फैसला किया।

**अब जांच से सामने आएगा सच-** मामले में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है। चुनाव ड्यूटी के दौरान हिम्मत सिंह को मतदान का अवसर मिला था या नहीं, ड्यूटी के बदले भुगतान और भोजन की क्या व्यवस्था थी तथा उनकी शिकायत पर स्थानीय प्रशासन ने क्या कार्रवाई की—इन सभी बिंदुओं की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। फिलहाल एक चौकीदार द्वारा अपने मताधिकार के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय तक शिकायत पहुंचाने का यह मामला चर्चा में है। अब निगाहें प्रशासनिक जांच और उसके निष्कर्ष पर टिकी हैं।

### पीएमओ में दर्ज कराई शिकायत

हिम्मत सिंह द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत का पंजीयन क्रमांक PMOPG/D/2026/0035482 तथा तारीख 20 फरवरी 2026 बताई गई है। शिकायत में उन्होंने चुनाव ड्यूटी, मतदान से वंचित किए जाने, भोजन और भुगतान से संबंधित अपनी शिकायतें दर्ज कराई हैं। बताया गया है कि पीएमओ स्तर से शिकायत को आगे कार्रवाई के लिए मध्यप्रदेश भेजा गया है। फिलहाल मामला मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, भोपाल के स्तर पर विचाराधीन बताया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा और जिम्मेदारी के 25 वर्ष

# पीएम मोदी के प्रति आभार का प्रकटीकरण : डॉ. यादव

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर को आने वाले जन्मदिवस पर उज्जैन स्थित महाकाल महालोक सहित संपूर्ण प्रदेश में 58 लाख आशीर्वाद के दीपक प्रज्वलित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मानना है कि मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक मोदी ने गरीब, किसान, युवा, महिला और वंचित वर्ग को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है। प्रदेशवासियों द्वारा किया जा रहा यह दीप प्रज्वलन प्रधानमंत्री मोदी के सेवा और जिम्मेदारी के 25 वर्षों के प्रति आभार का प्रकटीकरण है। वस्तुतः हम ऐसे व्यक्तित्व की 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा यात्रा का स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने जीवन को पद नहीं, सेवा का माध्यम माना। प्रधानमंत्री मोदी की सात अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई यह सेवा यात्रा आज एक ऐतिहासिक पड़ाव पर पहुंच रही है। इस क्रम में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रदेश में सेवा को राजनीतिक संस्कार बनाने के संकल्प के रूप में सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जाएगा।



### भारत बना दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। जिस भारत को कभी आर्थिक कमजोरी के रूप में देखा जाता था, वहीं भारत आज विश्व मंच पर आत्मविश्वास के साथ अपनी भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा को मजबूती मिली है। आतंकवाद और नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की गई है। देशवासियों के मन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

### आत्मनिर्भर भारत का संकल्प मजबूत हुआ

पीएम मोदी द्वारा आरंभ किए गए स्वच्छ भारत अभियान ने देश में जनभागीदारी की नई संस्कृति की रचना की। प्रधानमंत्री आवास योजना ने करोड़ों परिवारों के लिए पक्के घर की आकांक्षा को नई गति दी और जल जीवन मिशन ने हर-घर नल से जल पहुंचाने के संकल्प को आगे बढ़ाया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में 35 वर्षों के अंतराल के बाद शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा दी गई। आयुष्मान भारत ने परिवारों को आर्थिक बोझ से सुरक्षा मिली।

### मध्यप्रदेश सर्वाधिक निवेश लाने वाला तीसरा राज्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर प्रदेश में जल्द ही समान नागरिक संहिता लागू होगी। मध्यप्रदेश नव निर्माण के तहत वक्फ बोर्ड का गठन करने वाला देश का पहला राज्य बना है। प्रदेश में लाल सलाम का आखिरी सलाम कह दिया गया है, यह बड़ी उपलब्धि है। मध्यप्रदेश को पूर्व में सर्वाधिक निवेश लाने वाला देश का पांचवां राज्य बनाया गया था। रीवा, दतिया और सतना हाईवे अंडर कोरिडोर के बाद प्रदेश में हाईवे ब्रिज की संख्या आठ हो गई है।

### सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रधानमंत्री मोदी की ह्यसबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयासह्ण के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए मध्यप्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। प्रदेश में प्रत्येक वर्ष 5 लाख और अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया है। प्रदेश में संचालित ह्यलाड़ली बहनाह्ण योजना ने महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता और परिवार में उनके निर्णायक स्थान को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत किए गए नवाचारों के सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं।

## ऑनलाइन गेमिंग के बहाने 25,500 की ठगी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ रतलाम

रतलाम पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग के बहाने ठगी करने वाले इंदौर के एक युवक को रविवार को गिरफ्तार किया है। साथ ही ठगी के 25,500 रुपए फ्रिज भी कराए हैं। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर साइबर फ्रॉड से जुड़े अन्य आरोपियों एवं नेटवर्क के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

माणकचौक थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि अभिषेक पिता आनंद जैन द्वारा ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से 25 हजार 500 रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत प्राप्त होते ही पुलिस टीम व सायबर सेल द्वारा बिना देरी किए तकनीकी कार्रवाई शुरू की। ठउफढ पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराकर संबंधित वित्तीय लेन-देन पर फ्रॉड की संपूर्ण राशि को फ्रिज कराई। मामले में पुलिस टीम एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा तकनीकी एवं डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर साइबर ठगी में संलिप्त आरोपी की पहचान की। पुलिस टीम ने आरोपी विशाल (27) पिता सीताराम डावर निवासी शिवधाम कॉलोनी, निम्बोदी, इंदौर को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपी से साइबर ठगी की घटना, उपयोग किए गए माध्यमों, बैंक खातों एवं अन्य तकनीकी संसाधनों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

### पुलिस पहुंचने से पहले जुआरी भागे

# ड्रोन से निगरानी के बाद जुए की फड़ पर छापा, कैमरों से नजर

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ भोपाल

क्राइम ब्रांच ने रविवार तड़के स्टेशन बजरिया इलाके में बड़ी कार्रवाई करते हुए जुए की फड़ का भंडाफोड़ किया। कार्रवाई निगरानी बदमाश शफीक उर्फ मास्साब के घर पर की गई। पुलिस के मुताबिक, आरोपी हाईटेक तरीके से जुए का नेटवर्क संचालित कर रहे थे। इसके लिए घर के आसपास कैमरे लगाए गए थे, जिनकी मदद से करीब एक किलोमीटर दूर तक निगरानी की जाती थी।

क्राइम ब्रांच की टीम ने ड्रोन से इलाके की निगरानी करने के बाद मकान पर दबिश दी। हालांकि, पुलिस टीम के पहुंचने से पहले ही घर में जुआ खेल रहे कई लोग मौके से भाग निकले। पुलिस को मौके से जुए में इस्तेमाल ताश के पत्ते और हजारों रुपए की नकदी मिली है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने जुआ संचालित करने के आरोप में शफीक उर्फ मास्साब समेत तीन अन्य लोगों को हिरासत में लिया है।

वहीं, शफीक का बेटा और स्टेशन बजरिया इलाके का कुख्यात बदमाश रूसी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

पुलिस ने मौके से रूसी की इटह कार समेत



चार कारें जब्त की हैं। अब पुलिस फरार रूसी की तलाश कर रही है। साथ ही, जुए के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और पैसों के लेन-देन की भी जानकारी जुटाई जा रही है। क्राइम ब्रांच ने रविवार रात कार्रवाई का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपियों ने पुलिस की नजर से बचने के लिए निगरानी का हाईटेक सिस्टम तैयार कर रखा था।

### उज्जैन में हिन्दी दिवस पर जुटा देशभर के संतों और साहित्यकारों का जमावड़ा

# दो दिवसीय सम्मेलन में राष्ट्रभाषा के उत्थान पर हुआ मंथन

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

हिन्दी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय सर्वधर्म संत बालीनाथ जूना अखाड़ा द्वारा आगर रोड स्थित इंदिरा नगर के अतिथि निवास में 12 और 13 सितंबर को आयोजित दो दिवसीय 'साहित्य संत सत्कार सम्मेलन' रविवार को संपन्न हो गया। इस सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से आए संत, महामंडलेश्वर और साहित्यकारों ने राष्ट्रभाषा हिन्दी के विकास, वर्तमान चुनौतियों और साहित्य पर गंभीर मंथन किया। आयोजन की अध्यक्षता अखाड़े के अध्यक्ष महंत बालीनाथ सरस्वती लालचंद गोमे ने की। सम्मेलन के दौरान राजभाषा दिवस के अवसर पर बालीनाथ अखाड़ा में हिन्दी साहित्यकारों और संतों का सम्मान भी किया गया। आयोजन तीन प्रमुख गोष्ठियों में विभाजित था। कार्यक्रम का शुभारंभ 12 सितंबर शनिवार को हुआ, जिसमें सम्मेलन की उपलब्धियों और भावी भूमिका पर चर्चा के साथ विशाल कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। दूसरे दिन 13 सितंबर को राष्ट्रभाषा सम्मेलन हुआ। अंतिम सत्र में राष्ट्रभाषा परिषद तथा भारतीय संहिता शक्ति पर चर्चा के साथ संत और साहित्यकारों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ।



### सम्मेलन में देशभर के प्रमुख संतों का मिला सान्निध्य

सम्मेलन में मुख्य रूप से द्वारका पीठाधीश्वर अनंत विभूषित जगद्गुरु सूयार्चार्य कृष्णदेवानंद गिरी महाराज, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार के सदस्य स्वामी सदानंद महाराज महामण्डलेश्वर, असम के महंत राजेन्द्र गिरी महाराज और दत्त अखाड़ा सचिव महंत 1008 गुप्तगिरी महाराज उपस्थित रहे। इनके अलावा राजस्थान के सवाई माधोपुर से संत साहिबा दास महाराज, उत्तर प्रदेश से भंते डॉ. सुमेध थेरो, उज्जैन की साध्वी हरिप्रिया महाराज, महंत साध्वी राजराजेश्वरी गिरी महाराज और स्वासरा मंडी के संत रणजीत कबीर पंथी ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। आयोजन समिति में संयोजक डॉ. प्रियांशी पारिक, कार्यवाहक संयोजक डॉ. उर्मी शर्मा, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश नागवंशी, डॉ. प्रेमलता चुटेल व डॉ. उमा वाजपेयी, कोषाध्यक्ष सीए महक गोमे और महासचिव डॉ. पुष्पा चौरसिया, डॉ. गीता नायक एवं राधाकिशन वाडिया शामिल थे। संगठन सचिव का दायित्व डॉ. रमेश चंगेसिया, संध्या जैन और तरुणा जोशी ने निभाया। सचिव पद पर संगीता जाटवा, ललित बैण्डवाल और रूकमणी गोमे रहे। संयुक्त सचिव के रूप में डॉ. नेत्रा रावणकर, दिनेश श्रीवास्तव और संजय बेतोड़ जबकि प्रचार सचिव आरती मल्होत्रा और अफरोज रहे। अहिरवाल कार्यवाहक सचिव की भूमिका में रहीं।

# श्योपुर में 4 करोड़ की पट्टे की जमीन का खेल, जिस जमीन पर धान लगी थी, उसे बंजर बता बेची

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ श्योपुर

जीवन यापन के लिए मिली सरकारी पट्टा की जमीन को प्रशासनिक सांठगांठ से बेचकर करोड़ों का खेल खेला गया। श्योपुर में राजस्व तंत्र की ऐसी ही बड़ी धांधली उजागर हुई है। कलेक्टोरेट के पास और हाईवे से लगी जिन 4 बेशकीमती जमीनों की बिक्री अनुमति कलेक्टर शीला दाहिमा ने खारिज कर दी थी, चंबल कमिश्नर कोर्ट से उन्हें महज 36 दिन में मंजूरी मिल गई।

आदेश आते ही जिले में मूल फाइल पहुंचने से पहले ही 12 दिन के भीतर जमीनों की रजिस्ट्री भी करा ली गई। भास्कर की पड़ताल में सामने आया कि



कागजों में जिन्हें 'असिंचित और कमजोर पैदावार' वाली जमीन बताकर बेचने की मजबूरी दर्शाई गई थी, मौके पर वहां लहलहाती धान की फसल खड़ी है। 4 करोड़ रु से अधिक बाजार मूल्य की इन जमीनों का सौदा कागजों में कौड़ियों के दाम निपटा दिया गया।

कागजी दलीलः आवेदकों ने कहा कि जमीन असिंचित और कमजोर है। खेती से भरण- पोषण नहीं हो रहा और कर्ज चुकाने के लिए इसे बेचना जरूरी है। पड़ताल में पाया गया कि जमीनों के खसरों में सिंचाई का उल्लेख है और मौके पर धान की फसल खड़ी है। ये जमीनें शहर के मुख्य मार्गों और विकसित हो रही कॉलोनियों के पास हैं। कागजों में चोंडपुर की जमीन 14.61 लाख रु और प्रेमपुरा की जमीन 66 लाख रु में बिकी। हालांकि, दोनों जमीनों की वास्तविक बाजार कीमत 4 करोड़ से अधिक बताई जा रही है। मूल भूदान पट्टा और जरूरत के प्रमाण न होने पर 26 मार्च 2026 को आवेदन निरस्त किया। पुरानी जांच रिपोर्टों के आधार पर हक सही माना और बिक्री की अनुमति दे दी। चोंडपुर का खेत, जिसमें धान की फसल खड़ी है। बेचने के लिए इसे असंचित बताया था।

सक्षम अधिकारी की प्रमाणित पट्टा प्रति न होने पर 25 जून 2026 को आवेदन खारिज किया। 2004 के व्यवस्थापन आदेश को पर्याप्त मानकर बिक्री की अनुमति दी। आय और खर्च के हिसाब से बिक्री की जरूरत न दिखने पर 04 जून 2026 को आवेदन निरस्त किया। पुराने रिकॉर्ड और लंबे कब्जे को आधार बनाकर अनुमति दी। मूल दस्तावेज और कर्ज के प्रमाण न होने पर 25 जून 2026 को आवेदन निरस्त किया।अपील में जमा किए गए नए शपथ-पत्रों और कर्ज के कागजात को आधार मानकर अनुमति दी।

## बंडा-शाहगढ़ जहरीली शराबकांड:शराब सप्लायर शॉर्ट एनकाउंटर में गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ सागर

बंडा-शाहगढ़ जहरीली शराबकांड में 36 मौतों के आरोपी और 30 हजार के इनामी शिवांजय राजपूत को पुलिस ने रविवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में अब तक 19 आरोपी पकड़े जा चुके हैं, जबकि मनीष उर्फ यशवंत लोधी और आशीष साहू अब भी फरार हैं।



पुलिस के मुताबिक, शिवांजय के कठुआ नाला के जंगल से अपने गांव छापरी जाने की सूचना मिली थी। घेराबंदी के बाद तड़के करीब 4 बजे उसे सरेंडर करने को कहा गया। पुलिस का दावा है कि आरोपी ने फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में गोली उसके पैर में लगी। उसके पास से 315 बोर का देसी कट्टा, 3 जिंदा और 3 खाली कारतूस मिले हैं। शिवांजय मुख्य आरोपी चंद्रभान उर्फ चंदू राजा का रिश्तेदार है। जांच में सामने आया है कि मनीष लोधी और शिवांजय की निगरानी में नकली शराब बनती थी और सप्लाई में भी उसकी भूमिका बताई गई है।

# सलमान के बॉडीगार्ड शेरा के बेटे अबीर करेंगे बॉलीवुड डेब्यू!



सलमान खान के बॉडीगार्ड गुरमीत सिंह जॉली उर्फ शेरा के बेटे अबीर सिंह जल्द बॉलीवुड में डेब्यू कर सकते हैं। फिल्मफेयर की रिपोर्ट के मुताबिक, अबीर फिल्म टार्जन से एक्टिंग डेब्यू करेंगे। फिल्म में सूरज पंचोली भी नजर आएंगे। अबीर के डेब्यू को लेकर 2022 से रिपोर्ट्स सामने आती रही हैं। उस समय दावा किया गया था कि सलमान उनके डेब्यू प्रोजेक्ट की तैयारी में व्यक्तिगत रूप से शामिल हैं। यह फिल्म अभिनेता-फिल्ममेकर सतीश कौशिक के निर्देशन में बनने की बात कही गई थी और जनवरी 2023 में शूटिंग शुरू होने की रिपोर्ट थी।

हालांकि, इस प्रोजेक्ट की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई। मार्च 2023 में सतीश कौशिक के निधन के बाद अबीर के डेब्यू को लेकर आगे कोई जानकारी सामने नहीं आई। अब नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अबीर को टार्जन मिल गई है। फिल्म के डायरेक्टर, प्रोडक्शन बैनर और बाकी कास्ट की जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। जिससे अभी यह नहीं पता चल रहा है कि अबीर सिंह को सलमान खान लॉन्च करेंगे या नहीं।

रिपोर्ट के मुताबिक, टार्जन में अबीर के साथ सूरज पंचोली भी होंगे। सूरज ने 2015 में रिलीज हुई रोमांटिक एक्शन फिल्म हीरो से बॉलीवुड डेब्यू किया था।

इस फिल्म को सलमान खान ने प्रोड्यूस किया था। हीरो के बाद सूरज और अथिया को इंडस्ट्री में पहचान मिली, हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं कर सकी। अगर टार्जन को लेकर सामने आई रिपोर्ट सही है, तो सूरज अब एक और ऐसे नए कलाकार के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे, जिसको सलमान खान ने लॉन्च किया था।

## कई कलाकारों को लॉन्च कर चुके हैं सलमान

सलमान खान ने अपनी फिल्मों और प्रोडक्शन हाउस के जरिए कई नए चेहरों को बॉलीवुड में मौका दिया है। सोनाक्षी सिन्हा ने उनके साथ दबंग से बॉलीवुड डेब्यू किया था, जबकि जरीन खान को वीर में प्रेजेंट किया गया था। डेजी शाह ने जय हो से बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया और सई मांजरेकर ने दबंग 3 से हिंदी फिल्मों में कदम रखा। इसके बाद 2018 में लवयात्री से वारिना हुसैन ने बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया। फिल्म में सलमान के जीजा आयुष शर्मा भी लॉन्च हुए थे। 2019 में सलमान खान प्रोड्यूस्ड नोटबुक से जहीर इकबाल और प्रनूतन बहल ने बतौर लीड एक्टर्स डेब्यू किया। 2023 में फर्रे से सलमान खान फिल्म्स ने अलीजे अग्निहोत्री को लॉन्च किया।

# शिल्पा शेट्टी के घर गणपति बप्पा का आगमन:पति राज के साथ की आरती



बॉलीवुड सेलेब्स गणेश उत्सव बड़े धूमधाम से मनाते हैं। एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के घर आज गणपति बप्पा का आगमन हुआ। एक्ट्रेस ने पति राज कुंद्रा के साथ बप्पा की आरती की।

शिल्पा शेट्टी हर साल गणपति उत्सव धूमधाम से मनाती हैं। इस बार भी उन्होंने इको-फ्रेंडली गणपति की मूर्ति घर लाई। एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे भारी बारिश के बीच गणपति की मूर्ति लेने पहुंचीं। इस दौरान वह पारंपरिक लुक में नजर आईं। गौरतलब है कि सलमान खान समेत कई सेलेब्स के यहां गणपति बप्पा की स्थापना हर साल की जाती है। सलमान खान और उनका पूरा परिवार हर साल उनकी बहन अर्पिता खान शर्मा और आयुष शर्मा के मुंबई स्थित घर पर बप्पा का स्वागत करता है। गणेश चतुर्थी पर उनका पूरा परिवार बहन अर्पिता खान शर्मा और आयुष शर्मा के मुंबई स्थित घर पहुंचता है। पिछले साल भी सलमान खान ने अपने माता-पिता सलीम और सलमा खान के साथ आरती की थी। इस मौके पर खान परिवार के कई सदस्य पूजा में शामिल होते हैं। भाई अरबाज और सोहेल खान, बहन अलवीरा और बच्चे भी उत्सव का हिस्सा बनते हैं। इसके अलावा सलमान के करीबी दोस्त रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा भी पिछले साल गणपति उत्सव में शामिल हुए थे।

## तिग्मांशु धूलिया ने यश के लुक पर कसा तंज

निर्देशक तिग्मांशु धूलिया ने हाल ही में साउथ फिल्मों में दिखाए जा रहे हीरोज के लुक और हिंसा पर अपनी राय रखी। उन्होंने फिल्म केजीएफ के हीरो यश के लुक पर तंज कसा। तिग्मांशु ने कहा कि आजकल फिल्मों में हीरो लंबे बाल और बड़ी दाढ़ी में नजर आते हैं, जो उन्हें राक्षस जैसे लगते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस तरह के किरदार पहले रामायण और महाभारत में राक्षसों के होते थे, वे आज फिल्मों में हीरो बनकर युवाओं को पसंद आ रहे हैं।

तिग्मांशु धूलिया ने यह बात कोशाला साहित्य महोत्सव में बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आजकल फिल्मों में बहुत ज्यादा गुस्से वाले और हिंसक किरदार दिखाए जा रहे हैं। उनके मुताबिक, बाहुबली के बाद कांतारा जैसी फिल्मों में मार-काट और खून-खराबा काफी बढ़ गया है। तिग्मांशु ने कहा कि उन्हें इस तरह का सिनेमा बिल्कुल पसंद नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि दर्शक ऐसी फिल्मों को पसंद कर रहे हैं। उनके मुताबिक, इसकी एक वजह समाज में लोगों के अंदर मौजूद गुस्सा हो सकता है। उन्होंने कहा कि शायद लोगों को अपना गुस्सा निकालने का कोई जरिया नहीं मिल रहा, इसलिए वे फिल्मों के इन किरदारों में खुद को देखते हैं और उन्हें देखकर मजा लेते हैं।

उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आता कि इन फिल्मों का लोगों पर इतना असर क्यों है? तिग्मांशु ने यह भी कहा कि लगातार ऐसी फिल्में बन रही हैं और दर्शक उन्हें पसंद कर रहे हैं। हाल ही में तिग्मांशु धूलिया ने मौजूदा हिंदी सिनेमा में कहानी कहने के तरीके पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि कॉरपोरेट कल्चर और एक जैसे फिल्मी टेम्पलेट के कारण फिल्मों में मौलिक कहानियां कम होती जा रही हैं। धूलिया ने यह टिप्पणी हाल ही में एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित राजेंद्र माथुर मेमोरियल लेक्चर के दौरान की थी।

# नीलम ने गोविंदा संग रिश्ते की अफवाहों पर रिएक्शन दिया

## बोलीं- उस समय मैं बहुत छोटी थी, उनकी शादी की जानकारी बाद में मिली



एक्ट्रेस नीलम कोठारी ने हाल ही में गोविंदा के साथ अपने रिश्ते की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जब दोनों के रिश्ते को लेकर चचाएं थीं, तब वह बहुत छोटी थीं और उन्हें गोविंदा की शादी की जानकारी नहीं थी।

नीलम ने यह बात टाइम्स नाउ के इंटरव्यू में कही। गौरतलब है कि नीलम कोठारी और गोविंदा ने 1980 के दशक और 1990 के शुरूआती वर्षों में कई फिल्मों में साथ काम किया था। इसके बाद दोनों के रिश्ते को लेकर अफवाहें वर्षों तक चलती रहीं। इंटरव्यू में नीलम से कहा गया कि गोविंदा ऑफ-स्क्रीन उनसे प्यार करते थे। इस पर नीलम ने कहा, मुझे नहीं पता। सबसे पहले तो मैं उस समय बहुत छोटी थी। अब मुझे पता चला है कि शायद उस वक्त उनकी शादी हो चुकी थी। वहीं, नीलम के पास बैठे पति समीर सोनी ने गोविंदा को लेकर कहा, वह बहुत अच्छे इंसान हैं। जब भी मैं उनसे मिला हूं, वह बहुत गर्मजोशी से मिले हैं। समीर ने यह भी कहा, जो बात 20 साल पहले हुई भी हो सकती है और नहीं भी, उसके बारे में मुझे पता ही नहीं, तो मैं उसे लेकर कैसे बैठ सकता हूं? वह अब भी दावा करते हैं कि वह तुमसे बहुत प्यार करते थे।

### रिश्ता उनके लिए विकल्प नहीं था

नीलम कोठारी ने बताया कि उस दौर में उनके लिए रिश्ता बनाना कभी विकल्प नहीं था। उनका पूरा ध्यान हिंदी सीखने और फिल्मों में काम करने पर था। नीलम ने यह भी बताया कि कम उम्र की वजह से उनके परिवार का कोई सदस्य शूटिंग पर उनके साथ जाता था। नीलम के मुताबिक, सेट पर सभी लोग उन्हें बहुत प्यार करते थे। उनके को-स्टार्स भी उनके साथ बच्चे जैसा व्यवहार करते थे। समीर सोनी ने कहा कि जैकी श्रॉफ और संजय दत्त खास तौर पर नीलम को लेकर बहुत प्रोटेक्टिव रहते थे।

### नीलम और गोविंदा की जोड़ी

नीलम कोठारी और गोविंदा की जोड़ी ने 80 और 90 के दशक में कई फिल्मों में साथ काम किया था। पर्दे पर उनकी केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आती थी। इस जोड़ी की पर्दे पर शुरूआत फिल्म लव 86 से हुई थी। 14 फरवरी 1986 को रिलीज हुई यह मूवी गोविंदा की डेब्यू फिल्म भी थी। इसके 2 हफ्ते बाद 28 फरवरी 1986 को दोनों की दूसरी फिल्म इल्जाम रिलीज हुई। इस फिल्म के गानों और गोविंदा के बेहतरीन डांस (खासकर गाने 'स्ट्रीट डांसर' ) ने उन्हें रातों-रात फिल्म इंडस्ट्री में बड़ी पहचान दिलाई। दोनों खुदगर्ज (1987) में साथ नजर आए। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर सफल रही। इसके बाद नीलम और गोविंदा ने सिंदूर, हत्या, ह्यदो कैदी और फर्ज की जंग जैसी कई अन्य फिल्मों में भी साथ काम किया। इसी दौरान दोनों के रिश्ते की अफवाहें सामने आई थीं।

### 15 साल की उम्र में फिल्मों में डेब्यू किया


नीलम कोठारी का जन्म हांगकांग में हुआ था। उनके पिता शिशिर कोठारी गुजराती जैन थे, जबकि मां परवीन कोठारी पारसी थीं। बचपन से ही नीलम को संगीत और डांस में रुचि थी। उन्होंने कीबोर्ड बजाना और जैज बैले भी सीखा। उनकी पढ़ाई हांगकांग के आइलैंड स्कूल में हुई। बाद में उनका परिवार बैंकॉक शिफ्ट हो गया। मुंबई में छुट्टियां बिताने के दौरान उनकी मुलाकात फिल्म डायरेक्टर रमेश बहल से हुई। उन्होंने नीलम को फिल्म में काम करने का ऑफर दिया, जिसके बाद नीलम ने एक्टिंग में हाथ आजमाने का फैसला किया। इसके बाद, जब वो महज 15 साल की थीं, तब बतौर लीड उनकी पहली फिल्म ह्यजवानीह्ल (1984) रिलीज हुई थी।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ






## जोक्स

एक व्यक्ति दारु पी कर कार चला
रहा था कार एक खम्भे से टकरा गई
पुलिस : बाहर निकल
व्यक्ति : माफ कर दो साहब जी
पुलिस : दारू पी के गाड़ी चलाता है,
व्यक्ति : खूब पी रखी है और कितना पिलाओगे...

पप्पू समोसे को खोलकर
अंदर का मसाला ही खा रहा था।
संजू- अरे! तू पूरा समोसा क्यों नहीं खा रहा?
पप्पू- अरे मैं बीमार हूं न...
इसलिए डॉक्टर ने बहार
की चीज खाने से मना किया है।



## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. कथा, गाथा-3
3. भगौना-3
5. पुष्पहार-2
6. वायदा, कसम-2
8. अभिष्ट इच्छापूर्ति, वर-4
11. योग्य, उपयुक्त-3
13. चिंतन, सोच-विचार-3
14. ताश का एक खेल-2
15. संजय दत्त की पहली फिल्म-2
16. चेहरा, शक्ल-3
18. चाकू, खंजर-3
20. उक्साना, चकमा देना-4
23. लक्ष, सौ हजार-2
25. ईश्वर, भगवान-2
26. विदा, गमन-3
27. लेखनी, पेन-3

**ऊपर से नीचे**

1. हुनर, फन-2
2. शांति, वीराना-3
3. चिलमन, ओट, घूंघट-3
4. ज्वालामुखी से निकला गर्म पदार्थ-2
5. माजरा, मुद्दा-3
7. आंगन, बरामदा-3
9. भागना (अंग्रेजी-2)
10. चटपटा, क्षारीय-4
12. कारनामा, करिश्मा-4
16. अच्छे सुर का ज्ञाता-3
17. मालिक, स्वामी-2
19. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
21. बेदखल करना-3
22. फिजूल, व्यर्थ-2
24. गधा, गर्दभ-2
25. एक प्रकार की विदेशी शराब-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 68 | | 5 | | 32 | | 45 | = | 86 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 38 | | 22 | | 31 | | 30 | = | 77 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 10 | | 5 | | 10 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 2 | | 10 | | 20 | = | 10 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 20 | | 19 | | 15 | | 5 | = | |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में "प्राण" की दस फिल्मों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

उपकार, शराबी, नसीब, हीर रांझा, आदमी, जंजीर, कुर्बानी, धर्मा, गंगा की सौगंध, राम और श्याम

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 4 | 3 | | | |
| | 34 | | 30 | | 28 | 2 |
| 7 | | 1 | 6 | | 5 | 4 |
| | 25 | | 33 | 6 | 41 | |
| 1 | 3 | 2 | | 5 | 7 | |
| | 28 | 5 | 33 | | 38 | 3 |
| 4 | | | 6 | | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | + | 53 | - | 2 | - | 4 | = | 71 |
| + | ■ | - | ■ | + | ■ | x | ■ | - |
| 66 | - | 43 | + | 4 | - | 5 | = | 22 |
| - | ■ | x | ■ | - | ■ | + | ■ | - |
| 45 | x | 1 | - | 5 | + | 4 | = | 10 |
| - | ■ | x | ■ | + | ■ | - | ■ | + |
| 20 | + | 2 | x | 4 | - | 20 | = | 30 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 25 | - | 20 | + | 5 | - | 4 | = | |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 2 | 34 | 7 | 30 | 4 | 28 | 2 |
| 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 3 | 30 | 6 | 32 | 6 | 39 | 5 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 5 | 28 | 5 | 33 | 7 | 38 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 7 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकु बवाल-

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु बवाल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## महाराष्ट्र के ठाणे में 34.18 करोड़ की हेरोइन जब्त

**मुंबई।** महाराष्ट्र में ठाणे की पुलिस ने 34.18 करोड़ रु. की 9.8 किग्रा हेरोइन जब्ती मामले में सरगना अमजद यूसुफ पठान और उसके 4 साथियों पर मकोका का केस दर्ज किया है। पठान पर महाराष्ट्र, राजस्थान और मध्य प्रदेश में हत्या, दंगे और ड्रग्स तस्करी के 20 मामले दर्ज हैं। वहीं, केरल पुलिस ने यूपी के नोएडा से एमडीएमए ड्रग सप्लायर अजमल और उसकी साथी सूर्या को गिरफ्तार किया है।

## बेंगलुरु में मेडिकल मालिक ने 90 अस्पतालों में कैंसर की फर्जी दवाएं भेजीं, गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस की एसआईटी और ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने कृपा हेल्थकेयर मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर फर्जी दवा रैकेट का भंडाफोड़ किया है। दुकान मालिक वीरेश कुमार जैन को गिरफ्तार किया गया है। नेटवर्क पर बेंगलुरु के 90 से अधिक अस्पतालों और क्लिनिकों को 50% डिस्काउंट पर नकली कैंसर, आईसीयू और जीवनरक्षक दवाएं सप्लाई करने का आरोप है। रैकेट में 15 से ज्यादा मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) शामिल हैं। इस रैकेट के तार हरियाणा, तमिलनाडु और महाराष्ट्र से जुड़े हैं।

## अहमदाबाद में दो मंजिला मकान ढहने से एक की मौत, तीन घायल

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के खाड़िया इलाके में रविवार शाम एक पुराना दो मंजिला मकान अचानक ढह गया, जिसके मलबे में दबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। फायर विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक, घटना एक संकरी गली में हुई। मकान गिरने से चार लोग मलबे के नीचे फंस गए थे। सूचना मिलते ही राहत और बचाव दल मौके पर पहुंचा और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## जरांगे पाटिल की 19 सितंबर से आजाद मैदान में अनशन की चेतावनी

**नागपुर।** मराठा आरक्षण की मांग को लेकर कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल ने महाराष्ट्र सरकार को आठ दिन का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने रविवार को कहा कि यदि इस अवधि में मराठा समुदाय की आरक्षण संबंधी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वह 19 सितंबर को मुंबई के आजाद मैदान में आमरण अनशन शुरू करेंगे। जालना में मीडिया से बातचीत में जरांगे पाटिल ने कहा कि सरकार के पास अब आठ दिन का समय बचा है। उन्होंने चेतावनी दी कि 19 सितंबर को सुबह 10 बजे से वह आजाद मैदान में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

## गुजरात के भावनगर में नकली शराब बनाने की यूनिट का भंडाफोड

**भावनगर।** गुजरात के भावनगर जिले में पुलिस ने कथित तौर पर नकली विदेशी शराब बनाने वाली एक यूनिट का भंडाफोड़ किया है। मामले में रेलवे कर्मचारी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, स्थानीय अपराध शाखा को मिली सूचना के आधार पर बोर तलाव थाना क्षेत्र की रेलवे कॉलोनी में एक ठिकाने पर छापेमारी की गई। इस दौरान अक्षयराजसिंह गोहिल, विजय मकवाना और जितेंद्र नवाडिया को गिरफ्तार किया गया। उप पुलिस अधीक्षक आर आर सिंघल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अक्षयराजसिंह गोहिल रेलवे कर्मचारी है। मौके से विदेशी शराब की बोतलें और ढक्कन लगाने वाली मशीनें जब्त की गई हैं।

## बच्चों से फुटबॉल छुड़ा खुद खेलने लगा हाथी

**गुवाहाटी।** असम से एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें एक जंगली हाथी फुटबॉल खेलते नजर आ रहा है।हरे-भरे घास के मैदान में हाथी दौड़-दौड़कर बॉल पर किक लगा रहा है और दूर खड़े बच्चे उसे देख रहे हैं। मामला असम के गोलाघाट जिले के नुमालीगढ़ का है। यहां रविवार को बोगीधला खेल मैदान में कुछ बच्चे फुटबॉल खेल रहे थे। इसी दौरान एक जंगली हाथी आ पहुंचा। मैदान में पहुंचते ही उसने फुटबॉल अपने कब्जे में ली और उससे खेलने लगा। नुमालीगढ़ में ही तीन दिन पहले यानी कि शुक्रवार को एक हाथी के गले में ट्रैक्टर के टायर फंसने का वीडियो वायरल हुआ था।

## नगालैंड में जहरीली शराब पीने से 9 लोगों की मौत

**नगालैंड।** नगालैंड के तुएनसांग जिले में पिछले तीन दिनों में जहरीली शराब पीने से नौ लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक ही परिवार के तीन सदस्य भी शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शराब पीने के बाद कुछ लोगों को सांस लेने में तकलीफ हुई और बाद में उनकी मौत हो गई। घटनाओं की जानकारी मिलने के बाद तुएनसांग पुलिस ने शहर और चेंदांग सैडल इलाके में व्यापक तलाशी और छापेमारी अभियान चलाया।

# बांग्लादेश बोला- भारत से नए सिरे से रिश्ते बनाएंगे, हसीना के दौर के संबंध असहज

### बांग्लादेश के विदेश राज्य मंत्री ने कहा- दोनों देशों में सीधी बातचीत जरूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

बांग्लादेश ने रविवार को कहा कि वह भारत के साथ अपने रिश्ते को रीसेट करना चाहता है। यानी दोनों देशों के बीच संबंधों को नए सिरे से शुरू करना चाहता है। बांग्लादेश के विदेश राज्य मंत्री हुमायूं कबीर ने कहा कि दोनों देशों के बीच नया रिश्ता आपसी हितों के आधार पर बनाया जाना चाहिए। उन्होंने शेख हसीना के प्रधानमंत्री रहने के दौरान भारत-बांग्लादेश संबंधों को असहज बताया।

कबीर ने कहा कि ढाका नई दिल्ली के साथ नए रिश्ते की ओर बढ़ना चाहता है और इसके लिए दोनों देशों के बीच सीधे बातचीत होनी चाहिए। यह बातचीत किसी बहुपक्षीय मंच के जरिए नहीं, बल्कि द्विपक्षीय स्तर पर होनी चाहिए। कबीर ने कहा कि बांग्लादेश को भारत के साथ



रिश्तों को लेकर जरूरत से ज्यादा ध्यान देने की सोच से बाहर निकलना होगा। उन्होंने कहा कि भारत के साथ संबंधों को संतुलित तरीके से देखना चाहिए और आपसी हितों पर ध्यान देना चाहिए। नई दिल्ली के साथ रिश्ता बांग्लादेश के दूसरे देशों के साथ संबंधों का भी एक हिस्सा है। बांग्लादेश का यह बयान भारत में हुए इफ्फ्ळर समिट के खत्म होने के आया है। बांग्लादेश ने कहा था कि प्रधानमंत्री तारिक रहमान इफ्फ्ळर समिट में शामिल नहीं होंगे, क्योंकि उन्हें व्यक्तिगत हैसियत से न्योता नहीं दिया गया था। ढाका के मुताबिक, उन्हें बिम्सटेक के अध्यक्ष के तौर पर आमंत्रित किया गया था। बिम्सटेक बंगाल की खाड़ी से जुड़े दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के 7 देशों का क्षेत्रीय संगठन है, जो आपसी सहयोग और विकास के लिए मिलकर काम करता है।

### कल नेताओं की मीटिंग, आजादी के फैसले पर जनमत संग्रह संभव

# अलग हो सकते हैं स्कॉटलैंड-वेल्स और नॉर्दर्न आयरलैंड


ब्रह्मास्त्र ▸▸ लंदन

UK के एकजुट रहने पर फिर सवाल उठ रहे हैं। स्कॉटलैंड, वेल्स और नॉर्दर्न आयरलैंड के नेता सोमवार को वेल्स की राजधानी कार्डिफ में मिलने वाले हैं। तीनों की मांग अलग-अलग है, लेकिन सभी वङ की मौजूदा व्यवस्था में बड़े बदलाव चाहते हैं। तीनों क्षेत्रों के फर्स्ट मिनिस्टर लोगों को अपना भविष्य खुद तय करने का अधिकार देने पर साझा बयान जारी कर सकते हैं। इसमें जरूरत पड़ने पर आजादी या वङ से अलग होने जैसे बड़े फैसलों पर जनमत संग्रह कराने की बात भी हो सकती है।

**स्कॉटलैंड:** यहां की सत्ताधारी SNP स्कॉटलैंड को वङ से अलग कर स्वतंत्र देश बनाना चाहती है। **वेल्स:** राष्ट्रवादी पार्टी प्लाइड कम्री वेल्स को अलग देश बनाने की मांग करती है और ज्यादा अधिकार चाहती है। **नॉर्दर्न आयरलैंड:** सत्ताधारी सिन फेन वङ से अलग होकर आयरलैंड के साथ जुड़ने के पक्ष में है। पार्टी की अध्यक्ष मैरी लू मैकडोनाल्ड भी बैठक में शामिल होंगी।

### तीनों हिस्से मिलकर यूके पर बनाएंगे दबाव

ब्रिटेन की केंद्र सरकार यूके को एकजुट रखना चाहती है। वहीं स्कॉटलैंड, वेल्स और नॉर्दर्न आयरलैंड में ज्यादा अधिकार और मौजूदा व्यवस्था में बदलाव की मांग उठ रही है। द टेलीग्राफ के मुताबिक, स्कॉटलैंड के फर्स्ट मिनिस्टर जॉन स्विनी और वेल्स के फर्स्ट मिनिस्टर रुन एपी इओर्थवर्ट के साथ नॉर्दर्न आयरलैंड का नेतृत्व भी साझा बयान का समर्थन कर सकता है।



### ब्रिटिश पीएम के बयान पर विवाद

स्कॉटलैंड की आजादी इस पूरी बहस का सबसे बड़ा मुद्दा है। प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम ने हाल ही में कहा था कि अगर स्कॉटलैंड और नॉर्दर्न आयरलैंड में वङ से अलग होने के पक्ष में सहमति बनती है, तो जनमत संग्रह पर विचार किया जा सकता है।
रठढ ने बर्नहम के इस बयान को तुरंत मुद्दा बना लिया। इसके बाद बर्नहम ने सफाई देते हुए कहा कि अगले आम चुनाव से पहले आजादी पर जनमत संग्रह नहीं कराया जाएगा। इसके बाद स्कॉटलैंड के फर्स्ट मिनिस्टर स्विनी ने कहा कि पहली बार स्कॉटलैंड, वेल्स और नॉर्दर्न आयरलैंड में ऐसे फर्स्ट मिनिस्टर हैं जो वङ की मौजूदा व्यवस्था में बदलाव चाहते हैं। उनके मुताबिक, इससे ब्रिटेन को एकजुट रखने वाली व्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है।

### ट्रम्प के बयान से आयरलैंड के एकीकरण की चर्चा बढ़ी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी हाल में आयरलैंड के एकीकरण पर बयान दिया है। शनिवार को डबलिन दौरे के दौरान ट्रम्प ने कहा कि वह आयरलैंड को एक देश के रूप में देखना पसंद करेंगे।
अमेरिकी राष्ट्रपतियों का इस मुद्दे पर आमतौर पर सावधानी भरा रुख रहा है। ऐसे में ट्रम्प का बयान इस बहस को और चर्चा में ले आया है। कार्डिफ की बैठक सिर्फ वङ से अलग होने की मांग तक सीमित नहीं है। तीनों जगहों की कई प्रमुख पार्टियां यूरोपीय यूनियन (एव) के साथ करीबी रिश्ते चाहती हैं।

## केदारनाथ रूट पर बारिश-लैंडस्लाइड, एक की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ देहरादून

देश के कई राज्यों में बारिश अब आफत बनती जा रही है। उत्तराखंड में जगह-जगह लैंडस्लाइड हो रही है। केदारनाथ के चीरबासा हेलिपैड के पास रविवार को पहाड़ से चट्टानें गिरने से 65 साल के व्यक्ति की मौत हो गई। केदारनाथ पैदल मार्ग पर भी लैंडस्लाइड हुई, जिसके बाद यात्रा रोक दी गई है। भीमबली से केदारनाथ के बीच करीब 1,000 यात्री फंसे हैं। इनमें कई लोगों की तबीयत बिगड़ गई है।

बिहार में 14 जिलों के 2,360 गांव बाढ़ की चपेट में हैं और 48 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य की 8 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। गंगा का जलस्तर बढ़ने से कोलकाता से वाराणसी जा रहा राजमहल क्रूज भागलपुर में छह दिनों से फंसा है। क्रूज पर सवार 9 विदेशी समेत 11 पर्यटकों को रविवार को सुरक्षित निकाल लिया गया। राजस्थान में आज 36 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। बंगाल की खाड़ी में बने लो-प्रेशर सिस्टम का असर 16 सितंबर तक रहने का अनुमान है। वहीं मध्य प्रदेश में इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर संभाग में तीन मानसूनी सिस्टम एक्टिव हैं। एमपी के भोपाल समेत कई इलाकों में बारिश का दौर जारी है। बड़वानी में नदी-नाले उफान पर हैं। मुरैना में चंबल नदी में नहाते समय पिता-पुत्र की डूबने से मौत हो गई। वहीं टीकमगढ़ में भारी बारिश के बाद बान सुजारा बांध के चार गेट खोल दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश के 26 जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं और करीब 4 लाख लोग प्रभावित हैं। फरुर्खाबाद में गंगा और रामगंगा की बाढ़ से 111 गांव प्रभावित हैं। उन्नाव में गंगा खतरे के निशान से 12 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। 30 से ज्यादा गांव बाढ़ की चपेट में हैं और सैकड़ों घरों में पानी घुस गया है। लोग छतों पर रहने को मजबूर हैं।

### एक लापता; भारत ने हमले की निंदा की

# ओमान के पास जहाज पर हमला, 14 भारतीय सवार थे:13 का रेस्क्यू हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ओमान के तट के पास रविवार को कमर्शियल जहाज एमटी एल गाइया पर हमला हुआ। जहाज पर 14 भारतीय सवार थे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि 13 भारतीय क्रू सदस्यों को बचा लिया गया है। एक भारतीय अब भी लापता है और उसकी तलाश जारी है। विदेश मंत्रालय ने हमले की निंदा की। मंत्रालय ने कहा कि लापता भारतीय की तलाश के लिए बचाव अभियान चल रहा है।

मंत्रालय के मुताबिक, ओमान में भारतीय दूतावास स्थिति पर नजर रख रहा है। दूतावास ओमानी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है। हालांकि, अभी तक हमले की जिम्मेदारी अमेरिका या ईरानी सेना ने नहीं ली है। भारत का यह बयान ऐसे समय आया है, जब रविवार सुबह ईरान के केश्म द्वीप के पास एक ईरानी कार्गो जहाज पर भी हमला होने की खबर सामने आई। यह इलाका होर्मुज स्ट्रेट में आता है। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, इस हमले में एक शख्स की मौत हुई और चार लोग घायल हुए। हमले के बाद जहाज में आग लग गई थी और लोगों को बाहर निकालने का ऑपरेशन शुरू किया गया था। केश्म के गवर्नर हुसैन अमीरतेइमूरी ने तस्नीम से कहा कि जहाज पर हमला एक प्रोजेक्टाइल से किया गया था। उन्होंने इसके लिए अमेरिका को जिम्मेदार बताया। इस हमले से कुछ घंटे पहले ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने सोशल मीडिया पर कहा था कि ईरान के लोगों को दबाव डालकर झुकाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, ईरान सरेंडर नहीं करेगा।

### रिपोर्ट- होर्मुज में नए रास्ते पर ईरान-ओमान में समझौता हुआ

ईरान और ओमान ने होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही को लेकर एक समझौता किया है। ईरान की न्यूज एजेंसी तस्नीम ने ईरानी अधिकारियों के हवाले से बताया कि दोनों देशों ने होर्मुज से जहाजों के आने-जाने के रास्ते की जानकारी तय कर ली है।


सोमवार को ओमान की राजधानी मस्कट में होने वाली क्षेत्रीय बैठक में खाड़ी देशों को इस समझौते की जानकारी दी जाएगी। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने बताया कि क्षेत्र के अरब देशों के विदेश मंत्री ओमान में बैठक करेंगे। इसमें होर्मुज के रास्ते को लेकर सहमति बनाई जाएगी। इसके बाद इस व्यवस्था की जानकारी अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन को दी जाएगी।

### नया रास्ता पूरी तरह ईरान के इलाके में

नए समझौते के तहत खाड़ी देशों से होर्मुज में प्रवेश करने वाला रास्ता पूरी तरह ईरान के क्षेत्रीय जल में होगा। बाहर निकलने वाले रास्ते का एक हिस्सा भी ईरान के क्षेत्रीय जल में रहेगा। तस्नीम ने ईरानी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। व्यवस्था पर सहमति बनने के बाद होर्मुज का दक्षिणी रास्ता सीधे बंद कर दिया जाएगा। यह अमेरिका की मांग के खिलाफ है।

### 6 की मौत; 130 की तलाश जारी

# इंडोनेशिया में 243 यात्रियों वाला जहाज डूबा, 107 लोगों को बचाया गया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंडोनेशिया

इंडोनेशिया में 243 लोगों को लेकर जा रहा एक यात्री जहाज रविवार को डूब गया। इसमें 6 की मौत हुई है। हादसे के बाद करीब 130 यात्री और क्रू मेंबर लापता बताए जा रहे हैं। विर्गो ट्रांसपोर्ट 8 नाम का यह जहाज पूर्वी जावा के सुराबाया से बोर्नियो द्वीप के बंजारमासिन जा रहा था। अधिकारियों ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। रेस्क्यू टीम ने जहाज की आखिरी लोकेशन की ओर कई जहाज और एक हेलिकॉप्टर भेजा है।

बंजारमासिन स्थित सर्च एंड रेस्क्यू ऑफिस के मुताबिक, जहाज में सफर के दौरान कम्युनिकेशन फेलियर हुआ था। इसके बाद उससे संपर्क नहीं हो सका। जहाज की आखिरी लोकेशन जावा सागर में बंजारमासिन के एक पियर से करीब 148 किलोमीटर दूर मिली है। इंडोनेशिया में जहाज डूबने के कई बड़े हादसे हो चुके हैं। 1981 में तंपोमास-2 नाम का यात्री जहाज जावा सागर में डूब गया था। इसमें करीब 430 लोगों की मौत हुई थी।

2006 में सेनोपाती नुसंतारा नाम की यात्री फेरी खराब मौसम के दौरान जावा सागर में डूब गई थी। हादसे में 400 से ज्यादा लोग मारे गए या लापता हुए थे। 2007 में लेविना-1 फेरी में आग लगने के बाद डूब गई थी, जिसमें 50 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। 2018 में लेस्तारी माजू फेरी दक्षिण सुलावेसी के पास डूब गई थी।

### आतंकी लादेन की हिट लिस्ट में भारत भी था: सीआईए के खुफिया दस्तावेज में खुलासा;

# 9/11 से पहले कई देशों पर हमले की तैयारी थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

आतंकी संगठन अल-कायदा का सरगना ओसामा बिन लादेन 9/11 हमले से पहले भारत को भी निशाना बनाना चाहता था। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के हाल ही में जारी दस्तावेज से इसका पता चला है। 28 अगस्त 1998 की इस रिपोर्ट में बिन लादेन की भारत समेत कई देशों में हमले की योजना का जिक्र है। हालांकि, इसमें भारत में किसी खास जगह या हमले की तारीख के बारे में जानकारी नहीं दी गई है।

सीआईए ने 9/11 हमले की 25वीं बरसी के मौके पर शुक्रवार को बिन लादेन से जुड़ी 70 से ज्यादा खुफिया रिपोर्ट सार्वजनिक की हैं। इनमें 100 से ज्यादा पन्नों की जानकारी है। उक्अ की रिपोर्ट के मुताबिक, ओसामा बिन लादेन भारत समेत 8 देशों में हमले करना चाहता था। इनमें पाकिस्तान, मिस्त्र, कुवैत, सऊदी अरब, यमन और युगांडा के नाम शामिल हैं। नाइजीरिया काा भी संभावित निशाने के तौर पर जिक्र किया गया है। हालांकि, दस्तावेज में भारत में हमले की साजिश की ज्यादा जानकारी नहीं है। जैसे- न किसी शहर या इमारत का नाम दिया गया है और न ही हमले की तारीख या किसी खास योजना का जिक्र है।




इस रिपोर्ट का टाइटल बिन लादेन का आतंकी नेटवर्क अब भी खतरा था। दस्तावेज के कुछ हिस्से सार्वजनिक नहीं किए गए हैं और खुफिया जानकारी कहां से मिली, यह भी नहीं बताया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, बिन लादेन कम से कम 60 देशों में मौजूद अपने लोगों और दूसरे आतंकी संगठनों की मदद से हमले करा सकता था।

सीआईए के मुताबिक, अफगानिस्तान में अमेरिकी हमलों के बावजूद बिन लादेन और उसके साथियों का आपसी संपर्क बना हुआ था। अल-कायदा ने कुछ ट्रेनिंग कैंप फिर से शुरू कर दिए थे, जबकि कुछ कैंपों को दूसरी जगह ले जाया जा रहा था।



■ वर्ष-12 अंक-311 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 14 सितम्बर, 2026

## सुभाषितानि

विद्या वितर्का विज्ञानं स्मतिः तत्परता किया।
यस्यैते षड्गुणास्तस्य नासाध्यमतिवर्तते।।

**भावार्थ** : ज्ञान, तर्क शक्ति, विज्ञान, स्मृति शक्ति, तत्परता और दक्षता, जिसके पास ये छह हैं, उसके लिए कुछ भी लाइलाज नहीं है।

दुयतं पुस्तकवाद्ये च नाटकेषु च सक्तिता।।
स्त्रियस्तन्द्रा च निन्द्रा च विद्याविघ्नकराणि षट्।।

**भावार्थ** : खेल में अष्टक, वाडो, नाट्य (बाधा), (पुरुष), तंद्रा और निंद्रा–येंद्र शास्त्री में।

## प्रत्यक्षदर्शिनां विवरणानि च संरेखितानि सन्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रांची

इदानीं सौरभः सुरक्षितः इति ज्ञात्वा अभियुक्तानां स्थानं ज्ञातुं पुलिसाः ध्यानं केन्द्रीक्रियन्ते। यदि सीसीटीवी-दृश्यानि, तकनीकीदत्तांशः, प्रत्यक्षदर्शिनां विवरणानि च संरेखितानि सन्ति तर्हि तत् घटनायां सम्बद्धानां पहिचाने पुलिसाय सहायतां कर्तुं शक्नोति। वधायकपुत्रस्य पुनर्प्राप्तेः अनन्तरं राहत अस्य घटनायाः वार्ता चत्रातः रांचीपर्यन्तं राजनैतिकप्रशासनिकवृत्तेषु हलचलं जनयति स्म। प्रकरणे विधायकपुत्रः सम्मिलितः इति दृष्ट्वा पुलिसैः तत्कालं कार्यवाही कर्तुं दबावः अभवत्। फलतः ते विलम्बं विना अन्वेषणकार्यक्रमं प्रारब्धवन्तः, कतिपयेषु घण्टेषु सौरभं सुरक्षितं च सफलतया पुनः प्राप्तवन्तः।

## सम्पादकीयम्

### सत्ताधारी दलस्य क्रीडा

सत्ताधारी दलस्य क्रीडा। विगतमासद्वयात् पोके-नगरे तीव्रविरोधाः प्रचलन्ति। एते विरोधाः प्रवासिनः कृते आरक्षितेषु १२ आसनेषु केन्द्रीकृताः सन्ति। संयुक्त अवमी कार्यसमितिः इति नाम्ना प्रसिद्धः नागरिकसमाजसमूहः अस्य आन्दोलनस्य अग्रणीः अस्ति। इस्लामाबाद-सर्वकारः स्वस्य वफादारानाम् स्थापनार्थं एतानि आसनानि रिगं करोति, तस्मात् पोके-सभायाः नियन्त्रणं निर्वाहयति इति जेएएसी-सङ्घस्य आरोपः अस्ति। अस्य आरोपस्य सारः अस्ति, यतः पाकिस्तानस्य सम्यक शासनं कुर्वन् दलः प्रायः -नगरे निर्वाचने विजयं प्राप्नोति। एतेन ज्ञायते यत् २०११ तमे वर्षे पाकिस्तानस्य जनदलस्य, २०१६ तमे वर्षे पाकिस्तानमुस्लिमलीगस्य (नवाजस्य), २०२१ तमे वर्षे इमरानखानस्य दलस्य च विजयः किमर्थम् इति। आर्थिकदुःखानि वर्धितानि सन्ति। परन्तु पाकिस्तान-कब्जित-कश्मीरे निर्वाचन-धांधली एव जनक्रोधस्य कारणं न भवति; आर्थिककष्टाः अपि आक्रोशं प्रवर्धयन्ति। अपि च स्थानीयनिवासिनां अधिकारेषु अधिकाधिकं न्यूनीकरणं क्रियते। तत्र सूचनाः सन्ति यत् सर्वकारीयप्रतिबन्धाः जनाः अनुदानितगोधूमस्य, आवश्यकौषधानां च उपलब्धिं न प्राप्नुवन्ति। विद्युत्-विच्छेदः जन-क्रोधस्य अन्यत् स्रोतः अस्ति। पाकिस्तान-कब्जित-कश्मीरस्य नद्यः जलविद्युत्-परियोजनाभिः उत्पद्यमानं विद्युत्-प्रवाहः अस्य क्षेत्रस्य ४०० मेगावाट्-विद्युत्-अवश्यकताम् अपि दूरम् अतिक्रमति तदपि अस्मिन् क्षेत्रे १५ तः २० घण्टापर्यन्तं विद्युत् कटावः भवति। एतां स्थितिं दृष्ट्वा पाकिस्तानसर्वकारस्य दमनकारीकार्यं स्थगयितुं।

### नव गुजरात किराये कानून अनुमोदितः

# किरायेदारों के लिए प्रमुख राहत, सुरक्षानिक्षेपस्य सीमा त्रिमासस्य किराये

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद

गुजरात विधानसभा सर्वसम्मत्या गुजरात किराया विधेयक 2026 पारित किया। नूतनकानूनस्य उद्देश्यं गृहस्वामी किरायेदारयोः अधिकारान् स्पष्टीकर्तुं, किरायागृहव्यवस्थायां पारदर्शितां आनेतुं, किरायासम्बद्धविवादानाम् शीघ्रनिराकरणाय पृथक न्यायिकतन्त्रं स्थापयितुं च अस्ति। नूतनप्रावधानानाम् अन्तर्गतं सुरक्षानिक्षेपः मासत्रयस्य किरायाभ्यः अधिकं न भवितुम् अर्हति।

विधानसभायां विधेयकस्य प्रस्तावनायां नगरविकासमन्त्री कानुभाई देसाई इत्यनेन उक्तं यत् गुजरातदेशे किरायाव्यवस्था पूर्वं १९४७ तमे वर्षे बम्बईयुगस्य किरायाकानूनेन नियन्त्रिता आसीत्। कालान्तरे नित्यं संशोधनं विस्तारं च कृत्वा गृहस्वामी किरायेदारयोः मध्ये विविधाः कानूनीजटिलताः अभवन् नूतनः कानूनः उभयपक्षस्य अधिकारान् उत्तरदायित्वं च स्पष्टतया परिभाषितुं प्रयतते।

अनिवार्य लिखित सम्झौता

एकदा नूतनः कानूनः प्रवर्तते तदा गुजरातदेशे यत्किमपि परिसरं भाडेन दातुं लिखितः किरायासम्झौता अनिवार्यः भविष्यति। गृहस्वामी किरायेदाराश्च संयुक्तरूपेण किरायाप्राधिकरणं सम्झौतेः निष्पादनात् मासद्वयस्य अन्तः सूचयितव्याः।

यदि उभयपक्षः निर्धारितकालान्तरे एतां सूचनां न ददाति तर्हि तेषां विवरणं व्यक्तिगतरूपेण तदनन्तरं मासस्य अन्तः एव प्रस्तुतं कर्तव्यम्। किरायाप्राधिकरणस्य कृते डिजिटलमञ्चः विकसितः भविष्यति; प्रत्येकं किरायासम्झौते एकं अद्वितीयं परिचयसङ्ख्यां नियुक्तं भविष्यति, प्रासंगिकविवरणं च जालपुटे उपलभ्यते।



त्रिमासस्य किराये प्रतिभूतिनिक्षेपस्य सीमा किरायेदाराणां कृते एकः महत्त्वपूर्णः प्रावधानः अस्ति सुरक्षानिक्षेपस्य सीमाकरणम्। नूतनकायदानुसारं गृहस्वामी मासत्रयस्य किरायाधिकं सुरक्षानिक्षेपं ग्रहीतुं न शक्नोति।

किरायेदारेण परिसरं रिक्तं कृत्वा स्वामित्वं समर्पितं कृत्वा एकमासस्य अन्तः सुरक्षानिक्षेपं प्रतिदातव्यम्। परन्तु अधिनियमानुसारं विधिवत् कटौतीः कर्तुं शक्यन्ते। किरायाराशिः लिखितसम्झौते यथा निर्दिष्टा तथैव विचार्यते।

अवधि समाप्तेः अनन्तरं द्विगुण किराया यदि किरायेदारः नवीकरणं विना किरायासम्झौतेः समाप्तेः अनन्तरं परिसरं निरन्तरं धारयति तर्हि ते सामान्यमासिकभाडायाः दुगुणं राशिं दातुं उत्तरदायी भविष्यन्ति अपि च, यदि जलप्लावन-भूकम्प-चक्रवात-आदि-प्राकृतिक-आपदानां कारणेन किरायेण गृहीतं परिसरं अनिवासी भवति तर्हि यावत सम्पत्तिः निवासयोग्य-स्थितौ न भवति तावत किराया न गृह्यते एतादृशे परिदृश्ये किरायेदाराय किरायासम्झौतेः विस्तारार्थं उचितः अवसरः अपि दत्तः भवितुम् अर्हति ।

सूचना विना प्रवेशः नास्ति नूतनः कानूनः गृहस्वामी अधिकारस्य किरायेदारस्य गोपनीयताधिकारस्य च सन्तुलनं करोति। यद्यपि आवश्यकेषु परिस्थितिषु गृहस्वामी किराये परिसरे प्रवेशं कर्तुं शक्नोति तथापि सामान्यपरिस्थितौ तेषां न्यूनातिन्यूनं २४ घण्टानां सूचनां दातव्या। सूर्योदयस्य सूर्यास्तस्य च मध्ये एव प्रवेशः अनुमतः, यद्यपि आपत्काले एषः नियमः माफः अस्ति।

गृहस्वामी किरायेदाराय आवश्यकसेवानां कटनं कर्तुं अपि निषिद्धः अस्ति। जलं, विद्युत, पाइप पाकवायुः इत्यादीनां आवश्यकसेवानां निरोधः निषिद्धः।

### पुलिसैः कार्यवाही कृता

## आक्रमणस्य च 50 जनानां विरुद्धं प्राथमिकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

तोडफोडस्य आक्रमणस्य च 50 जनानां विरुद्धं प्राथमिकी ततः पूर्वं अमोलपथाग्रामे एकस्याः घटनायाः विषये पुलिसैः कार्यवाही कृता, यत्र अनुज्ञापत्रयुक्ते कम्पोजिट् मद्यस्य दुकाने आक्रमणं कृत्वा, तोडफोडः, अग्निः च प्रज्वलितः, पुलिस-आबकारी-दलेषु च आक्रमणं कृतम् इस प्रकरण में दो सरपंच (ग्राम प्रमुख) एक जनपद पंचायत सदस्य सहित एकविंश व्यक्तिओं का नामकरण किया गया है। पुलिसेन कुल ५० जनानां विरुद्धं प्राथमिकीपत्रं कृतम् अस्ति, येषु ३० तः ३५ यावत् अज्ञाताः महिलाः अपि सन्ति। एतावता १५ अभियुक्ताः गृहीताः सन्ति। अन्वेषणं प्रचलति, घटनायां सम्बद्धानां अन्येषां भूमिकानां परीक्षणं च क्रियते इति पुलिस कथयति। प्रशासनेन प्रभावितक्षेत्रेषु कानूनव्यवस्थां निर्वाहयितुम् निगरानीयता वर्धिता अस्ति। मद्यदुकाने आक्रमणं कृत्वा न्यायालयं गृहीताः महिलाः इतरथा मद्यदुकाने आक्रमणं लुण्ठनं च कृत्वा पञ्जीकृतानां प्राथमिकीनां विरोधाय भीम आर्मी इत्यस्य बैनरेण भौतीपुलिसस्थानम् आगताः। ते अस्य विषयस्य विरोधे न्यायालये गृहीतुं स्वस्य अभिप्रायं प्रकटितवन्तः। पुलिसैः तत्क्षणमेव महिलाः न गृहीताः। प्रचलति अन्वेषणस्य उद्धृत्य पुलिसेन उक्तं यत् प्रकरणस्य तथ्यस्य आरोपस्य च परीक्षणानन्तरं नियमानुसारं कार्यवाही भविष्यति।

## राशिफल

**मेष** : बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**वृषभ** : जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आज आपको अपने जीवन में सच्चे प्यार की कमी महसूस होगी।

**मिथुन** : आपकी मानसिक शांति के लिए यह महत्वपूर्ण है कि आप ऐसी किसी भी एक्टिविटी में शामिल न हों।

**कर्क** : धन के मामलों को लेकर सतर्क रहना चाहिए। परिवार के लिए अपना समय निकालें। अनावश्यक विवादों में न पड़ें।

**सिंह** : लव लाइफ में थोड़े बदलाव सामने आ सकते हैं। परिवार के साथ समय बिताना मूड को बेहतर बनाएगा।

**कन्या** : उन्नति के योग हैं। जीवनसाथी के खराब मूड के कारण आज का दिन थोड़ा परेशानी भरा हो सकता है।

**तुला** : आज अचानक अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है, जिससे परिवार के साथ समय बिताने का आपका प्लान खराब हो सकता है।

**वृश्चिक** : अपनों के सहयोग से आर्थिक लाभ हो सकता है। खाली समय पर अपने महत्वपूर्ण टास्कों को निपटाने की कोशिश करें।

**धनु** : घरेलू कार्यों के कारण आज आप बिजी रहेंगे। नौकरी में तरक्की के साथ आय में वृद्धि मिल सकती है।

**मकर** : सिंगल जातकों की लाइफ में किसी खास शख्स की एंट्री हो सकती है। रोमांटिक जीवन के लिहाज से यह दिन बेहतर रहेगा।

**कुंभ** : सोशल एक्टिविटी से आपको मन बहलाने का मौका मिलेगा। संतान के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**मीन** : वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा। आपको ऑफिस में अपनी स्किल को बेहतर बनाने का मौका मिलेगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# गणेश चतुर्थी : गणपति की कृपा पाने के लिए राशि अनुसार करें ये उपाय, जानें किसके लिए क्या चढ़ाना शुभ

गणेश चतुर्थी का दिन भगवान गणेश की आराधना के लिए बेहद शुभ माना जाता है। मान्यता है कि विघ्नहर्ता गणेश की विधिवत पूजा करने से जीवन में आने वाली परेशानियां कम होती हैं और शुभ कार्यों में सफलता के मार्ग खुलते हैं। यदि इस पावन अवसर पर अपनी राशि के अनुसार गणपति को प्रिय वस्तुएं अर्पित की जाएं, तो पूजा का विशेष फल प्राप्त होने की धार्मिक मान्यता है। अलग-अलग राशियों के स्वभाव और ग्रह प्रभाव के अनुसार गणेश जी को अलग सामग्री अर्पित करने की परंपरा बताई गई है। आइए जानते हैं, आपकी राशि के अनुसार गणेश चतुर्थी पर कौन सा उपाय करना शुभ माना जाता है।

**मेष राशि-** मेष राशि के जातक गणेश जी को लाल रंग के पुष्प और मोदक अर्पित कर सकते हैं। भगवान गणेश से अपने कार्यों में आने वाली बाधाओं को दूर करने और सफलता प्रदान करने की प्रार्थना करें। मान्यता है कि इससे कामकाज और पेशेवर जीवन में आगे बढ़ने के अवसर मिल सकते हैं।

**वृषभ राशि-** वृषभ राशि वालों के लिए गणपति को सफेद फूल चढ़ाना शुभ माना जाता है। पूजा के दौरान दूध और पंचामृत से भगवान गणेश का अभिषेक करें। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह उपाय घर में शांति बनाए रखने और परिवार के सदस्यों के बीच प्रेम व सामंजस्य बढ़ाने में सहायक हो सकता है।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि के जातक गणेश जी को दुर्वा और हरे रंग की मिठाई अर्पित करें। पूजा के समय आर्थिक परेशानियों और धन से जुड़ी रुकावटों को दूर करने की कामना करें। मान्यता है कि इस उपाय से धन संबंधी अड़चनें कम हो सकती हैं और आर्थिक स्थिति बेहतर होने के रास्ते खुल सकते हैं।

**कर्क राशि-** कर्क राशि के जातकों को गणपति को नारियल और दूध से तैयार मिठाई का भोग लगाना चाहिए। पूजा के दौरान मानसिक शांति और सकारात्मक सोच की प्रार्थना करें। मान्यता है कि इससे तनाव कम करने और आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायता मिल सकती है।

**सिंह राशि-** सिंह राशि वाले भगवान गणेश को लाल चंदन अर्पित करें और गुड़ का भोग लगाएं। पूजा के दौरान अपने कार्यक्षेत्र में सफलता और प्रतिष्ठा के लिए प्रार्थना करना शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह उपाय करियर में प्रगति और सम्मान प्राप्त करने में सहायक हो सकता है।

**कन्या राशि-** कन्या राशि के जातक गणेश जी को हरी मूंग और दुर्वा अर्पित करें। भगवान गणेश की पूजा करते समय अच्छे स्वास्थ्य और कार्यों में स्थिरता की कामना करें। मान्यता है कि इस उपाय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों में राहत और कामकाज में निरंतरता बनी रह सकती है।

**तुला राशि-** तुला राशि वालों के लिए गणपति को गुलाब के फूल और सुगंधित इत्र अर्पित करना शुभ माना जाता है। पूजा के दौरान दांपत्य जीवन और प्रेम संबंधों में सुख-शांति की प्रार्थना करें। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह उपाय रिश्तों में प्रेम और आपसी समझ बढ़ाने में सहायक हो सकता है।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि के जातक भगवान गणेश को अनार और लड्डू का भोग लगाएं। पूजा के दौरान आर्थिक उन्नति और समृद्धि की कामना करें। मान्यता है कि इस उपाय से धन से जुड़े मामलों में सकारात्मक परिस्थितियां बनने और अचानक लाभ के अवसर प्राप्त होने की संभावना बढ़ सकती है।

**धनु राशि-** धनु राशि के लोगों को गणेश जी को पीले रंग की मिठाई और हल्दी अर्पित करनी चाहिए। विशेष रूप से विद्यार्थी पढ़ाई में सफलता और नौकरी की तैयारी कर रहे जातक करियर में प्रगति की प्रार्थना कर सकते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह उपाय शिक्षा और पेशेवर जीवन में सफलता के लिए शुभ माना जाता है।

**मकर राशि-** मकर राशि के जातक गणपति को तिल से बने लड्डू अर्पित करें। साथ ही पूजा के दौरान शनि से जुड़ी परेशानियों से मुक्ति की कामना करें। धार्मिक मान्यताओं में इस उपाय को शनि संबंधी बाधाओं को शांत करने और जीवन में आ रही रुकावटों को कम करने वाला माना जाता है।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि वालों के लिए गणेश जी को नीले रंग के पुष्प और गुड़ अर्पित करना शुभ माना जाता है। पूजा के समय लंबे समय से अटके काम पूरे होने और सफलता मिलने की प्रार्थना करें। मान्यता है कि यह उपाय बाधाओं को कम करने और उन्नति के नए रास्ते खोलने में सहायक हो सकता है।

**मीन राशि-** मीन राशि के जातक भगवान गणेश को केले और पीले फूल अर्पित करें। पूजा के दौरान परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना करना शुभ रहेगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह उपाय घर में सकारात्मक वातावरण बनाए रखने और पारिवारिक खुशहाली बढ़ाने में सहायक माना जाता है।

### भारत 8वीं बार विमेंस एशिया कप चैंपियन बना, फाइनल में श्रीलंका को 72 रन से हराया

# भारत ने जीत के बाद भी ट्रॉफी नहीं ली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई

भारत 8वीं बार विमेंस एशिया कप चैंपियन बना। टीम ने दुबई में खेले गए फाइनल में श्रीलंका को 72 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट में टीम इंडिया ने सबसे ज्यादा 32 छक्के लगाए। इस मैच में स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने टूनामेंट के इतिहास की सबसे बड़ी साझेदारी कर डाली।

हालांकि प्रेजेंटेशन सेरेमनी में टीम इंडिया ने एशियन क्रिकेट काउंसिल के प्रेसिडेंट और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से मना कर दिया।

**मोहसिन नकवी से भारत ने ट्रॉफी लेने से इंकार किया–** भारत ने मोहसिन नकवी से ट्रॉफी और मेडल लेने से इनकार कर दिया। नकवी प्रेजेंटेशन सेरेमनी में मंच पर पहुंच गए थे। उन्होंने श्रीलंकाई टीम को मेडल दिए और कप्तान चमारी अटापट्टु को रनर-अप चेक भी दिया। बाद में प्रेजेंटेशन खत्म कर दिया गया।

**श्रीलंकाई फील्डर चोट के बाद स्ट्रेचर पर बाहर गई–** भारतीय पारी के पांचवे ओवर में थ्रो फेंकने के दौरान श्रीलंकाई फील्डर विश्मी गुणरत्ने का दायां टखना बुरी तरह मुड़ गया। वे दर्द से कराहते हुए मैदान पर गिर पड़ीं। इसके बाद फिजियो को बुलाया गया। जांच के बाद उन्हें स्ट्रैचर पर लादकर मैदान से बाहर ले जाया गया। इस बीच खेल रुका रहा। हालांकि वे दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उतरीं।उन्होंने 20 रन बनाए। 14वें ओवर में स्मृति सिंगल लेने के चक्कर में रनाउट हो गईं। हरमनप्रीत कौर के कट शॉट पर दोनों स्मृति ने रन चुराने की कोशिश की। इस बीच पॉइंट से कवीशा दिलहारी ने थ्रो किया और विकेटकीपर ने गिल्लियां बिखेर दीं। भारत ने इस महिला टी-20 एशिया कप में सबसे ज्यादा 32 छक्के लगाए। श्रीलंका 8 छक्कों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

**स्मृति-शेफाली ने एशिया कप की सबसे बड़ी साझेदारी की–** स्मृति और शेफाली ने पहले विकेट के लिए 129 रन जोड़े। यह महिला टी-20 एशिया कप में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है।




**भारतीय विमेंस टीम ने मोहसिन नकवी से ट्रॉफी नहीं ली**

भारतीय विमेंस टीम ने एशिया कप खिताब जीतने के बाद मोहसिन नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया है। पिछले साल सितंबर में हुए पुरुष एशिया कप में भी भारत ने नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। रविवार को भारत ने दुबई में हुए फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को 72 रन से हराकर 8वीं बार एशिया कप जीता। इसके बाद हुई प्रजेंटेशन सेरेमनी में श्रीलंकाई टीम की कप्तान ने नकवी से उपविजेता ट्रॉफी और चेक लिया। लेकिन, भारतीय टीम स्टेज पर नहीं आई। यहीं प्रजेंटेशन सेरेमनी खत्म कर दी गई। एशियन क्रिकेट काउंसिल के प्रेसिडेंट मोहसिन नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन और पाकिस्तान सरकार में गृह मंत्री भी हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के समय भारत विरोधी बयान दिए थे। इस वजह से 2025 में भारतीय पुरुष टीम ने उनके हाथों ट्रॉफी नहीं ली थी। भारतीय विमेंस टीम ने उसी स्टैंड पर कायम रहते हुए नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया।

## भारत ने जूनियर विमेंस एशिया कप का खिताब जीता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मोकी

भारत ने रविवार को चीन को 1-0 से हराकर जूनियर विमेंस एशिया कप 2026 का खिताब जीत लिया। चीन के मोकी में खेले गए फाइनल में भारत के लिए सानिका चंद्रकांत माने ने 17वें मिनट में गोल किया, जो निर्णायक साबित हुआ। इस जीत के साथ भारतीय जूनियर विमेंस टीम ने लगातार तीसरी बार खिताब अपने नाम किया। साथ ही, टीम ने एफआईएच जूनियर वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। फाइनल जीतने के तुरंत बाद हॉकी इंडिया ने भारतीय टीम की हर खिलाड़ी के लिए 3 लाख रुपए के कैश प्राइज का ऐलान किया। सपोर्ट स्टाफ के लिए भी नकद पुरस्कार घोषित किया गया। भारत ने सेमीफाइनल में साउथ कोरिया को 5-1 और क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान को 19-0 से हराया। इससे पहले टीम ने मेजबान चीन के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ खेला था। भारत ने जापान को 7-0 और मलेशिया को 11-1 से शिकस्त दी। टूर्नामेंट के पहले मैच में भी भारत ने साउथ कोरिया को 4-1 से हराया था। जूनियर विमेंस एशिया कप के इतिहास में साउथ कोरिया ने सबसे ज्यादा 4 बार खिताब जीता है, जबकि भारत और चीन के नाम 3-3 खिताब हैं। भारत ने 2023, 2024 और 2026 में चैंपियन बना। चीन 6 बार रनर-अप रहा है, जो टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा है। जापान ने अब तक खिताब नहीं जीता, लेकिन 3 बार तीसरे स्थान पर रहा है।

### वंदे मातरम से शुरू हुआ भारत-अफगान टी-20

# अभिषेक ने 12वीं बार 25 से कम बॉल पर फिफ्टी लगाई, बुमराह के 350 विकेट

## भारत ने पहले टी-20 में अफगानिस्तान को हराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने पहले टी-20 में अफगानिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। रविवार को क्रिकेट में पहली बार वंदे मातरम गाया गया। टॉस के दौरान श्रेयस अय्यर ने अफगान कप्तान इब्राहिम जादरान को टीम इंडिया की जर्सी दी।

भारतीय पेसर जसप्रीत बुमराह ने टी-20 में 350 विकेट पूरे किए। अभिषेक शर्मा ने 22 बॉल पर फिफ्टी लगाई। उन्होंने 32 गेंद में 82 रन बनाए। अभिषेक ने12वीं बार 25 या उससे कम बॉल पर फिफ्टी लगाई।

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में क्रिकेट में पहले वंदे मातरम गाया गया और उसके बाद राष्ट्रगान जन गण मन हुआ। भारतीय क्रिकेट में ऐसा पहली बार देखने को मिला। 28 जनवरी को गृह मंत्रालय की ओर से जारी दिशानिर्देशों में कहा गया था कि अगर वंदे मातरम और जन गण मन दोनों प्रस्तुत किए जाएं, तो पहले वंदे मातरम उसके बाद राष्ट्रगान होना चाहिए।

टॉस के समय भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने अफगानिस्तान के कप्तान इब्राहिम जादरान को टीम इंडिया की जर्सी दी। इसी समय 3 मैचों की टी-20 सीरीज की ट्रॉफी और टॉस का सिक्का भी कैमरे पर दिखाया गया। इस सीरीज की खास बात यह है कि मैच भारत में होने के बावजूद अफगानिस्तान टीम होस्ट कर रही है।




जसप्रीत बुमराह ने टी-20 क्रिकेट में 350 विकेट पूरे कर लिए। उन्होंने मैच के पहले ही ओवर में रहमानुल्लाह गुरबाज को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। बुमराह टी-20 में 350 विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज हैं। उनसे पहले युजवेंद्र चहल और भुवनेश्वर कुमार यह कारनामा कर चुके हैं। अजमतुल्लाह उमरजई ने 64 रन की पारी खेली। उनका यह स्कोर भारत के खिलाफ किसी अफगान बल्लेबाज का संयुक्त रूप से सबसे बड़ा टी-20 इंटरनेशनल स्कोर है। इससे पहले इब्राहिम जादरान ने 2022 में भारत के खिलाफ 64 रन बनाए थे। उमरजई का यह स्कोर भारत के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल में नंबर-6 या उससे नीचे से बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।

